चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 111, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 20 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# फिर नोटबंदी: दो हजार का नोट चलन से बाहर

## 30 सितंबर तक बैंकों में जमा या एक्सचेंज कराएं




**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने दो हजार रुपये के नोट को चलन से बाहर करने का फैसला किया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे 30 सितंबर तक इन नोटों को बैंकों में जमा करा दें या बदलवा लें। आरबीआई की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति के अनुसरण में 2 हजार के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने का निर्णय लिया गया है। 2 हजार के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। उसका कहना है कि 2013-14 में भी ऐसा ही पहले किया जा चुका है। बैंकों से कहा गया है कि वे अब दो हजार का नोट जारी न करें। वहीं लोग बैंकों में जाकर दो हजार का नोट एक्सचेंज करा सकते हैं। 23 मई से एक बार में 20 हजार तक की सीमा में 2 हजार के नोट अन्य नोटों में एक्सचेंज कराए जा सकते हैं। वहीं बैंकों में जमा कराने की कुछ शर्तों के साथ कोई सीमा नहीं होगी। आरबीआई के अनुसार, लोग अपने बैंक खातों में बेरोक-टोक और मौजूदा निर्देशों व अन्य वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत समान्य तरीके से 2 हजार के नोट जमा कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी बैंक शाखा में उन्हें अन्य नोटों से बदल सकते हैं। 23 मई से किसी भी बैंक में दो हजार के बैंकनोटों को एक बार में 20 हजार की सीमा तक बदला जा सकता है।

### 2000 के नोट 30 सितंबर तक बैंकों में वापस लिए जाएंगे

**चलन** में चल रहे 2000 रुपये के अधिकांश नोट 30 सितंबर की निर्धारित समय सीमा के भीतर बैंकों में वापस आ जाएंगे। आरबीआई का कहना है कि 2018-19 में 2 हजार के बैंक नोटों की छपाई बंद कर दी गई थी। दो हजार के बैंकनोटों में से लगभग 89 प्रतिशत मार्च 2017 से पहले जारी किए गए थे और 4-5 वर्षों के अपने अनुमानित जीवनकाल के अंत में हैं।

चलन में इन बैंक नोटों का कुल मूल्य 31 मार्च 2018 को अपने चरम पर 6.73 लाख करोड़ रुपये से घटकर 3.62 लाख करोड़ हो गया है। यह कुल नोटों का 10.8 प्रतिशत है। शीर्ष बैंक का कहना है कि यह भी देखा गया है कि इस मूल्यवर्ग का आमतौर पर लेन-देन के लिए उपयोग नहीं किया जाता है। इसके अलावा जनता की मुद्रा आवश्यकता को पूरा करने के लिए अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोटों का स्टॉक पर्याप्त बना हुआ है।



**बाजार में 2000 के नोट से खरीदारी में क्या असर दिख सकता है?**

**सरकार** ने इसे अभी चलन में भले ही बनाकर रखा है, लेकिन व्यापारी इससे लेनदेन करने में कतरा सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि इन्हें बैंक से ही बदल लें।

आरबीआई **ने नोट बदलने के लिए 30 सितंबर तक का वक्त दिया है। इसके बाद क्या होगा?:** तारीख बढ़ाई भी जा सकती है, लेकिन आखिरी तारीख का इंतजार न करें। अगर सरकार ने इसे अमान्य किया तो आपके पास रखे 2000 के नोटों की कोई कीमत नहीं रहेगी।

**किन लोगों के लिए लागू हो रहा है?**

: यह फैसला सभी के लिए लागू है। हर व्यक्ति जिसके पास 2000 के नोट हैं, उसे 23 सितंबर से 30 सितंबर तक बैंक में इसे डिपॉजिट या एक्सचेंज करना होगा। एक बार में अधिकतम 20 हजार रुपए कीमत के नोट यानी 10 नोट ही बदले जाएंगे।

रिजर्व बैंक के अनुसार नवंबर 2016 में 2 हजार के बैंकनोट लाये गए थे। इनका मकसद पांच सौ और एक हजार के बैंक नोटों की कानूनी वैधता वापिस लिए जाने की स्थिति में अर्थव्यवस्था में मुद्रा की आवश्यकता को तेजी से पूरा करना था। एक बार अन्य बैंकनोट के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो जाने के बाद दो हजार के बैंकनोटों को पेश करने का उद्देश्य पूरा हो गया। प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और जनता को पर्याप्त समय प्रदान करने के लिए सभी बैंक 30 सितंबर तक दो हजार के नोटों के लिए जमा और विनिमय सुविधा प्रदान करेंगे। वहीं एक्सचेंज की सुविधा आरबीआई के 19 क्षेत्रीय दफ्तरों में भी उपलब्ध होगी। सूत्रों का कहना है कि लोगों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। दो हजार के नोट 30 सितंबर के बाद भी वैध रहेंगे। 30 सितंबर तक की सीमा तय की गई है क्योंकि आरबीआई को उम्मीद है कि बैंकों के साथ नोट बदलने के लिए लोगों के लिए 4 महीने का समय पर्याप्त है।

### यह फैसला किसने किया है और क्यों किया है?

**'क्लीन** नोट पॉलिसी' के तहत रिजर्व बैंक ने यह फैसला किया है। 'क्लीन नोट पॉलिसी में लोगों से गुजारिश कि गई है कि वह करेंसी नोट्स पर कुछ भी न लिखें, क्योंकि ऐसा करने से उनका रंग-रूप बिगड़ जाता है और लाइफ भी कम हो जाती है। लोगों को लेन-देन में अच्छी क्वालिटी के बैंक नोट (पेपर करेंसी) मिलें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्लीन नोट पॉलिसी लागू की गई है।

इससे आम लोगों पर क्या असर होगा? जिसके भी पास 2 हजार का नोट है उसे बैंक में जाकर बदलना होगा। 2016 में नोटबंदी में 500 और 1000 को नोट को बंद कर दिया गया था। इसे बदलने के लिए टाइम भी दिया गया था, लेकिन लंबी लाइनों के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। इस बार भी ऐसा देखने को मिल सकता है।

## अडाणी-हिंडनबर्ग: वशेषज्ञ कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में गठित विशेषज्ञ समिति ने सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जस्टिस अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता वाली कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अभी तक सेबी की सफाई और उपलब्ध डेटा के आधार पर कमेटी के लिए इस निष्कर्ष पर पहुंच पाना संभव नहीं होगा कि मौजूदा नियामक तंत्र (सेबी) की विफलता रही है। कमेटी ने कहा है कि सेबी की तरफ से की जा रही जांच अभी जारी है। कमेटी ने कहा है कि अभी तक की जांच में सेबी को अडाणी ग्रुप के खिलाफ




केस नजर नहीं आ रहा है। हालांकि अडाणी से जुड़ी 13 विदेशी संस्थाओं पर पूरी रिपोर्ट मिलना अभी बाकी है। 2018 में नियमों में हुए बदलाव से विदेशों से जानकारी जुटाने में सेबी को समस्या आ रही है।

## क्वाड नेताओं की बैठक हिरोशिमा में होगी

नई दिल्ली: हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा से जुड़े संवाद मंच क्वाड के नेताओं की हिरोशिमा (जापान) में ही जी-7 शिखरवार्ता के साथ क्वाड शिखरवार्ता होगी। अमेरिकी व्हाइट हाउस से जारी वक्तव्य में इसकी पुष्टी की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जापानी अध्यक्षता में हो रहे जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो के निमंत्रण पर हिरोशिमा, जापान के दौरे पर पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री भाग लेने वाले कुछ नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री भागीदार देशों के साथ जी-7 सत्रों में अपना विषय रखेंगे।

शनिवार की सुबह प्रधानमंत्री मोदी महात्मा गांधी की एक आवक्ष प्रतिमा का अनावरण



करेंगे। हिरोशिमा शांति स्मारक संग्रहालय का दौरा, परमाणु बम पीड़ितों के लिए स्मारक पर माल्यार्पण समारोह और जी-7 विस्तृत बैठक के नेताओं के साथ वृक्षारोपण समारोह में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ट्वीट में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक शहर हिरोशिमा में पैर रखा। प्रधानमंत्री किशिदा के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अन्य द्विपक्षीय कार्यक्रमों के अलावा, प्रधानमंत्री क्वाड नेताओं की बैठक में भी भाग लेंगे। जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी क्वाड बैठक करेंगे। उनका यूक्रेन, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, फ्रांस, यूके के साथ द्विपक्षीय वार्ता का भी कार्यक्रम है। वहीं अमेरिकी व्हाइट हाउस के वक्तव्य के अनुसार क्वाड नेताओं ने सहमति व्यक्त की है कि वे हिरोशिमा में अपना शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे। कल जी-7 के अलावा, राष्ट्रपति बिडेन ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ तीसरी व्यक्तिगत क्वाड नेताओं की बैठक में भाग लेंगे।

## ज्ञानवापी: शिवलिंग के साइंटिफिक सर्वे पर लगी 'सुप्रीम' रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मिली शिवलिंग जैसी संरचना की उम्र का पता लगाने के लिए साइंटिफिक सर्वे कराने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि इस याचिका पर आगे मुख्य याचिका के साथ ही सुनवाई होगी। मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शिवलिंग जैसी संरचना की कार्बन डेटिंग किए जाने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने वाराणसी के डिस्ट्रिक्ट जज को



मामले की सुनवाई करने का आदेश देते हुए कहा था कि वैज्ञानिक सर्वे कब होगा और कैसे होगा, यह डिस्ट्रिक्ट जज तय करेंगे। हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से पेश की गई रिपोर्ट पर आदेश जारी किया, जिसमें एएसआई ने कहा है ।

## केन्द्र की योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का हो रहा है सशक्तिकरण- जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा शुक्रवार को आयोजित कमल मित्र ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण शिविर में नरेन्द्र मोदी सरकार की महिला केंद्रित 15 योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं सहित महिलाओं को जागरुक किया जाएगा।

इस मौके पर जेपी नड्डा ने कमल मित्र के लिए भाजपा महिला मोर्चा को बधाई दी। सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से तीव्र गति से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले हमारी माताओं-बहनों को पहाड़ से उतरकर पीने के लिए पानी भरकर ले जाना पड़ता था। आज जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर नल से जल पहुंच रहा है। इस तरह महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं सुबह-सुबह घर से निकलकर खाना बनाने के लिए जंगलों में लकड़ी काटने जाती थीं, तब घर में खाना बन पाता था। इस दौरान उन्हें धुएं से जूझना पड़ता था। आज उज्ज्वला योजना के तहत साढ़े 9 करोड़ से अधिक लोगों को गैस सिलेंडर दिया गया है।

## '...अपराधी जेल में रहेंगे या फिर मिट्टी में मिलेंगे'

**मोतिहारी:** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को यूपी के मुख्यमंत्री की तर्ज पर उनकी छवि के अनुरूप बिहार के 'योगी' के रूप में प्रोजक्ट कर चुके हैं। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का प्रभार मिलने के बाद पटना में इसके पोस्टर भी देखने को मिले थे। इस बीच अब सम्राट चौधरी ने जंगलराज पर सरकार पर हमला बोला है। वहीं, उन्होंने अपराधियों के खात्मे की बात करते हुए उन्हें मिट्टी में मिलाने की बात कही है। सम्राट ने कहा कि वर्तमान में बिहार में राजनीति का काला अध्याय चल रहा है। फिर से जंगल राज की वापसी हुई है। बिहारी में राजनीति का काला समय शुरू हो चुका है। भाजपा ने अपने कंधे पर चढ़ाकर पांच बार बिहार की सत्ता की कुर्सी पर जिनको बैठाया, वैसे लोगों को अब पार्टी के कार्यकर्ता बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। कार्यकर्ता अब भाजपा का अपना मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं।

## रिजिजू ने अर्थ-साइंस मंत्रालय का पदभार संभाला

**नई दिल्ली: पूर्व** लॉ मिनिस्टर किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को अर्थ-सांइस मंत्रालय जॉइन कर लिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा- मुझे किसी गलती की वजह से लॉ मिनिस्ट्री नहीं छोड़नी पड़ी। आरोप लगाना विपक्ष के लोगों का काम है। मंत्रालय बदलना सरकार की प्रोसेस का हिस्सा है। फेरबदल होते रहते हैं। केंद्र ने गुरुवार को लॉ मिनिस्ट्री में बड़ी सर्जरी की। किरेन रिजिजू से यह मंत्रालय वापस ले लिया गया। रिजिजू की जगह अर्जुन राम मेघवाल लॉ मिनिस्टर बनाया गया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। रिजिजू कॉलेजियम पर टिप्पणियों को लेकर काफी चचाओं में रहे हैं। मेघवाल के पास संसदीय



मामलों के राज्य मंत्री का जिम्मा भी है। बीकानेर से सांसद मेघवाल मोदी के दूसरे टर्म में कानून मंत्रालय संभालने वाले तीसरे मंत्री होंगे। रिजिजू को अर्थ साइंस मंत्रालय और कानून राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल को राज्यमंत्री के रूप में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय दिया गया है। रिजिजू का मंत्रालय बदलने पर कांग्रेस की अलका लांबा ने कहा- जजों की नियुक्तियों और अदालतों पर रिजिजू की टिप्पणियों से मोदी सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई थीं।

सरकार ने अपनी छवि बचाने के लिए अपने कानून मंत्री की बलि देकर अच्छा किया। मदुरै से कांग्रेस सांसद मनिक्कम टैगोर ने कहा- वे बहुत अच्छे खेल मंत्री थे, लेकिन कानून मंत्री के रूप में फेल रहे। कानून मंत्रालय से किरेन रिजिजू की विदाई यूं ही नहीं हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह फैसला कई स्तरों पर मिले फीडबैक के बाद लिया। दरअसल, इसी हफ्ते सीबीआई के नए डायरेक्टर प्रवीण सूद के नाम पर मुहर लगाने के लिए पीएम की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री के अलावा चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड और लोकसभा में सबसे बड़े दल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी मौजूद थे।

## आईएएस अधिकारी ने सौरभ भारद्वाज पर लगाया धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के सेवा विभाग में सचिव पद पर तैनात आईएएस अधिकारी आशीष मोरे ने शुक्रवार को मंत्री सौरभ भारद्वाज पर धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, एलजी कार्यालय से लेकर गृह मंत्रालय तक से शिकायत की है और सुरक्षा की मांग की है। 2005 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मोरे ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को दी लिखित शिकायत में कहा है कि हमें जबरन दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने को कहा गया है। मंत्री ने यहां तक कहा कि 'साइन कर, ऐसे कैसे नहीं साइन करेगा, तेरे को करना ही पड़ेगा। इसके बाद तेरा कैरियर खत्म। तेरी तो जिंदगी बर्बाद करके रखूंगा। इसी चिराग दिल्ली का रहने वाला हूं। लिखित शिकायत में आशीष मोरे ने इसका भी जिक्र किया कि मुख्य सचिव के बारे में भी मंत्री ने अनाप-शनाप बोला। मंत्री ने कहा कि तुम्हारा चीफ सेक्रेट्री कहां भाग रहा है, जाओ तुम्हारे चीफ सेक्रेटरी को बताओ कि वह तुरंत बोर्ड की मीटिंग 4 बजे बुलाए और फाइल सबमिट करें।

उन्होंने लिखा है कि जिस तरह की मंत्री ने असभ्य भाषा और धमकी दी है मानो उनसे हमारी कोई निजी दुश्मनी हों। जबकि हम अधिकारी के तौर पर अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी को अभी तक नियमानुसार निभाते रहे हैं। आज तक किसी ने भी हमसे इस तरह का दुर्व्यवहार नहीं किया है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों की नियुक्ति के मुकदमे में शुआट्स अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक

**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स में शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में थाना नैनी में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 63/2023 में शुआट्स अधिकारियों को राहत प्रदान करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कार्रवाई पर रोक लगाते हुए 21 जुलाई को सुनवाई की तिथि नियत की। मीडिया प्रभारी डा. रमाकान्त दूबे ने बताया कि शुआट्स में सभी शिक्षकों की नियुक्ति यूजीसी, आईसीएआर, एआईसीटीई मानकों के अनुरूप शुआट्स के संविधान में प्राविधानित नियमों के अन्तर्गत की गई है। इस सम्बन्ध में थाना नैनी में दर्ज मु0अ0सं0 63/2023 के क्रम में शुआट्स अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका संख्या 6548/2023 दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्य कान्त एवं जस्टिस जे.बी. पारदीवाला की बेन्च ने उक्त मुकदमे में शुआट्स अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी।

## चिलचिलाती धूप से जनता परेशान...

# 5 दिनों तक ऐसे ही सहने पड़ेंगे तेज धूप के थपेड़े गमछा और छाता बना लोगों के लिए सहारा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गर्मी ने रफ्तार पकड़ लिया है। प्रतिदिन शहर में तापमान की बढ़ोतरी की वजह से लोगों को तेज धूप का सामना करना पड़ रहा है। अगले 5 दिनों तक लोगों को तेज धूप के थपेड़े झेलने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। जिसकी झलक पिछले दिनों से ही दिखने लगी है।कल भी शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिसके वजह से लोगों को चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ा। वहीं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन और सड़कों से आने जाने वाले छात्र-छात्राएं धूप से बचने के लिए रुमाल और छाता का प्रयोग करते नजर आए। जबकि तेज धूप की वजह से सड़कों पर भीड़ सामान्य से कम दिखी।

**आने वाले अगले 7 दिनों में मौसम का हाल :** प्रयागराज में आने वाले दिनों में लोगों को और अधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी दिन में कड़ी धूप रहेगी। जिसके वजह से लोगों को धूप के थपेड़े सहने पड़ेंगे और आज का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं शहर में 15 से 30 ॅ/ की रफ्तार से हवाएं भी चलने की आशंका जताई जा रही है। शनिवार को भी कड़ी धूप होगी, जिससे शहर का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस होगा और 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलेगी। रविवार को न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहेगा। जबकि 15 से 25 ॅ/ की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं । आने वाले सोमवार को सबसे अधिक तापमान 45ृ होगा वहीं मौसम विभाग की मानें तो आने वाले सोमवार को अब तक का सबसे कड़ी धूप होने वाली है, जिसके वजह से शहर का न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहेगा जो अब तक का सबसे अधिक तापमान माना जा रहा है वहीं दिन में 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं भी चलने के आसार है।जबकि आने वाले मंगलवार को शहर का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं बुधवार को तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिल सकती है। जिसके बाद शहर का न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहेगा। अंत में हफ्ते के सातवें दिन गुरुवार को आसमान में हल्के बादलों का छाया हो सकता है जिसकी वजह से लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिलेगी जिसके कारण शहर में न्यूनतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है।

## न्यूज झरोखा

### जंघई जंक्शन पर ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत, परिजनों में कोहराम




**जंघई।** रेलवे स्टेशन जंघई जंक्शन पर देर रात गुरुवार को प्लेटफार्म नंबर एक एवं दो के मध्य एक कटा हुआ युवक, पोर्टर को दिखाई दिया तो उसने स्टेशन अधीक्षक को तत्काल इसकी सूचना दी। स्टेशन अधीक्षक के मेमो पर जीआरपी प्रभारी रामदवर यादव एवं हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार यादव मौके पर पहुंचे और देर रात मे ही कटे हुए युवक को एम्बुलेंस से इलाज के लिए पीएचसी मुंगराबादशाहपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब से मिले मोबाइल की मदद से उसकी पहचान पटना बिहार के इंद्रजीत उम्र 25 वर्ष पुत्र स्व. राम अनुज के रुप मे हुई। जीआरपी प्रभारी जंघई ने बताया कि वह कलकत्ता से आ रहा था रात मे शायद वह जौनपुर से आने वाली एजे ट्रेन से लौटा होगा और रेलवे ट्रैक पार करते समय किसी मालगाड़ी के चपेट मे आ गया होगा। परिजनों को सूचना दे दी गई है, शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### मऊआइमा में आए दिन हो रही चोरी में लिप्त दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**मऊआइमा।** मऊआइमा में लगातार हो रही चोरी के मामले में पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से ट्राली बरामद की तथा चोरों ने अनेकों चोरी की बात कबूल की है। जबकि फरार तीन अन्य चोरों के पकडे जाने पर अनेकों चोरी की घटनाओं का खुलासा होगा फिलहाल पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । मऊआइमा थाना क्षेत्र में अनेकों चोरी की घटनाओं से लोग परेशान थे। गत दिनों मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी अरूण कुमार उर्फ पप्पू पुत्र स्वर्गीय पन्नालाल विश्वकर्मा की ट्रैक्टर ट्राली चोरी हो गई थी। जिसपर भुक्तभोगी और उसके सहयोगियों ने मिलकर सीसी कैमरे की मदद से एक चोर को मय ट्राली सहित पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने जब चोर से सख्ती देखायी तो उसने अनेकों चोरी की वारदातों की बात कबूल कर ली। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार राम कैलाश पुत्र रामफेर एंव धर्मेंद्र यादव पुत्र शिवशंकर निवासी गण बीबीपुर बहरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मंत्री नंदी ने छात्रा सुभाषना बिन्द को अंगवस्त्रम बुकें व ट्रॉफी देकर दी उपलब्धि पर बधाई

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड में टॉपर्स सुभाषना बिन्द के घर सहसों के सराय हुसैना पहुंचकर बुकें, अंगवस्त्रम, ट्राफी तथा आर्थिक मदद देते हुए मिठाई खिलाकर अपनी शुभकामना के साथ बधाई दी। बतादें कि क्षेत्र के बच्चा राम यादव इंटरमीडिएट कॉलेज भुलई का पूरा बाबूगंज की इंटर की छात्रा सुभाषना बिन्द ने यूपी बोर्ड में प्रदेश में चौथा तथा जनपद में पहला स्थान प्राप्त करते हुए गांव सहित जनपद का नाम रोशन किया। इस अवसर पर मंत्री नंदी ने सुभासना बिन्द से कहा कि उच्च शिक्षा के लिए किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। जो भी आवश्यकता होगी आगे बढ़ने के लिए मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि खूब पढ़ो आगे बढ़ो गांव, क्षेत्र जनपद के साथ देश का नाम रोशन करो गांव में प्रतिभा की कमी नहीं है। उसे प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। इसके अलावा मंत्री नंदी ने घोषणा किया कि टापर्स छात्रा के घर तक संपर्क मार्ग बनवाने तथा बांस बल्ली के सहारे पहुंच रही विद्युत आपूर्ति के लिए खंभा गड़वा कर उसे दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रा सुभाषना बिन्द के माता-पिता व बाबा को बधाई देते हुए कहा कि हमें आप लोगों के ऊपर गर्व है कि इस विषम परिस्थिति में भी बेटी की मदद करते हुए आगे बढ़ाया तथा उसकी प्रतिभा को निखारने के लिए समय-समय पर प्रेरित करते हुए हौंसला बढ़ाया। जिसका परिणाम है कि आज गांव की बेटी प्रदेश में नाम रोशन की है। भविष्य में देश में भी नाम रोशन करेगी। इस अवसर पर पिता रामसुंदर बिंद, माता बसंती देवी, भाई अरुण, आलोक, देशराज सहित कुंवर जी केसरी, राजकुमार, ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम, सुनील सिंह, अरुण कुमार सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** घर मे अकेली महिला को देख कर एक युवक घर में घुस कर महिला से अश्लील बातें करने लगा मना करने पर महिला का कपड़ा फाड डाला और दुष्कर्म का प्रयास किया तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला ने थाने में तहरीर दे कर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि वह घर पर अकेली थी तभी गांव एक युवक घर में घुस कर आश्लील बातें करने लगा विरोध करने पर उसका कपड़ा फाड़ डाला।यूवक के घर पर जब परिजनों ने उलहना दिए तो उल्टा गालियां दी गयी और मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।महिला ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही युवक हरिनाथ तथा उसके पिता राम दुलारे, माता सुषमा, बहन मनोरमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### सूबे के उप मुखिया से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास पर की चर्चा

**सहसों।** सूबे के उप मुखिया केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं विकास पर चर्चा करते हुए भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार वीरेन्द्र बहादर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी,ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकताओं ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से उनके आवास लखनऊ पर मिलकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं संगठन पर चर्चा की। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य गांव से लेकर नगर निगम के विभिन्न वादों की समस्याओं के समाधान के साथ चौमुखी विकास का आश्वासन दिया। डिप्टी सीएम ने नगर पंचायत सहित महापौर एवं पार्षद पद पर भारी जीत के लिए सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को बधाई दी तथा उपस्थित कार्यकताओं को पट्टा पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा आगे भी संगठन कार्यकताओं के बल पर ही बड़े चुनाव पर बड़ी जीत दर्ज करेगी। उनकी मेहनत और लगन से ही आज पार्टी का डंका प्रदेश व देश ही नहीं विदेशों में भी बज रहा है।

## अमेठी समाचार

# अज्ञात वाहन टाटा पिकप ने बाईक सवार को मारी टक्कर हुई मौत

अखंड भारत संदेश



**जगदीशपुर।** अमेठी ,थाना क्षेत्र के अन्तर्गत तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर। सूचना पर 108 सेवा से स्थानीय चिकित्सालय ईलाज हेतु ले जाते समय घायल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अशरफपुर निवासी मृतक दुर्गेश पांडे पुत्र राम करन पांडे उम्र लगभग 35 वर्ष दुर्गेश पांडे रोड नंबर 4 औ०क्षेत्र स्थिति वाईप कंपनी में काम कर रहे थे। फैक्ट्री के कर्मचारियों ने पूंछ ताँछ के दौरान बताया कि दोपहर में लंन्च होने पर किसी काम से जगदीशपुर की तरफ आवश्यक कार्य से बाइक लेकर निकले थे। तभी वह जायस रोड के समीप आर्य एल ढाबा के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप टाटा 407 ने दुर्गेश को जोरदार टक्कर मार दी।जिस टक्कर में दुर्गेश बुरी तरह से घायल हो गए। घटना को देख स्थानीय लोग सड़क पर घायलवस्था में लोग दुर्गेश के पास पहुंचे ही थे। कि तब तक टाटा पिकअप मौके की नजाकत देख घटना स्थल से रफूचक्कर हो गया। मौका घटना स्थल पर मिले मोबाइल से दुर्गेश के घर का नंबर निकाल कर पुलिस ने परिजनों घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक के घर परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक ने अपने पीछे एक लडका 10 वर्ष व एक लडकी 7वर्ष को छोड़ कर चल बसे।परिवार का एक ही कमाऊ पूत था। पुलिस पिकअप की तलाश में जुट गई है। शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के घर पर आने जाने वाले लोगों का तॉता लगा हुआ है।

## खुद जरूरत मंद होते हुए भी गरीबों की सेवा का जज्बा

# व्यापार मंडल की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष कंचन गुप्ता व समाजसेवी राहुल गुप्ता ने गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटी

अखंड भारत संदेश





**अमेठी।** खुद जरूरतमंद होते हुए भी दूसरे परेशान हाल जरूरतमंदों की सेवा का जज्बा समाज सेविका कंचन गुप्ता ने दिन-ब-दिन परवान चढ़ रहा है। बेहद साधारण आमदनी और परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के साथ ही महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में जागरुक करती चली आ रहीं कंचन गुप्ता ने अब निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का बीड़ा उठाया है गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा के साथ शिक्षण सामग्री भी उपलब्ध करा रही हैं अमेठी के एक गरीब परिवार से जन्मी कंचन गुप्ता ने महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर व कंप्यूटर कोर्स भी महिलाओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद की। दर्जनों महिलाएं आज भी अपना परिवार चला रही हैं। कंचन गुप्ता ने कुछ दिन महिलाओं में होने वाली बीमारियों और माहवारी आदि के बारे में भी किशोरियों और महिलाओं के बीच रहकर जानकारियां दीं। कई स्कूलों में शैक्षिक भाव से बच्चों को शिक्षा भी दी।कोरोना काल के बाद गरीब अभिभावकों के बच्चों की पढ़ाई में आई भारी गिरावट से छोटे बच्चों को मुफ्त विशेष ट्यूशन क्लास शुरू किए हैं।उनके अभिभावकों से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा। बल्कि इन बच्चों को अपने पास पेंसिल, रबर, कापी आदि भी उपलब्ध करा रही हैं। व्यापार मंडल की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष कंचन गुप्ता के इस जज्बे की सराहना करते हुए गरीब बच्चों का खुद भी सहयोग कर रहे हैं।




### थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आलाकत्ल 01 अदद लाठी के साथ 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गौरीगंज।** अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम को प्र0नि0 अखण्ड देव मिश्रा थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 172/23 धारा 147,148,149, 307,323,324, 506,302 भादवि में वांछित अभियुक्त शिवनायक सिंह पुत्र सुर्यनाथ सिंह नि0 गुडूर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 52 वर्ष को शराब की दुकान टिकरिया के पास से समय करीब 10:35 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद लाठी को ग्राम गुडूर में गंगाराम के अर्धनिर्मित मकान से बरामद किया । थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आरआरएसजीएस में हुआ समर कैम्प का आयोजन

### समर कैम्प के द्वारा बच्चों ने आनंद के साथ सीखे जीवन के गुण : प्रवेश कुमार श्रीवास्तव

अखंड भारत संदेश



**अमेठी।** राजर्षि रणञ्जय सिंह ग्लोबल स्कूल में चल रहे चार दिवसीय समर कैम्प का शुक्रवार को समापन हुआ। समर कैम्प में विद्यालय के प्री-प्राइमरी से कक्षा 11 तक के 500 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। समर कैम्प का प्रारम्भ मंगलवार को हुआ। उसके बाद लगातार चार दिनों तक बच्चों ने अलग-अलग ऐक्टिविटी में प्रतिभाग किया और आनंद और उल्लास के साथ अनेक चीजें सीखी। मंगलवार और बुधवार को प्री-प्राइमरी के बच्चों ने समर कैम्प का लुत्फ उठाया तथा गुरुवार और शुक्रवार को कक्षा 1 से 11 तक के बच्चों का समर कैम्प आयोजित हुआ। मंगलवार को नर्सरी के बच्चों ने पूल पार्टी की और डांस की क्लासेज ली। एल.के.जी. के बच्चों ने मिट्टी के बर्तन बनाना सीखा और म्यूजिकल चेयर गेम भी खेले तथा यू.के.जी. के बच्चों ने पूल पार्टी की और कोन तथा हूला-हूप की सहायता से अनेक खेलों का आनंद उठाया। बुधवार को नर्सरी के बच्चों ने मिट्टी के बर्तन बनाना सीखा और डैबिंग ऐक्टिविटी की। एल.के.जी. के बच्चों ने पूल पार्टी की और यू.के.जी. के बच्चों ने मिट्टी के बर्तन बनाना सीखा, डांस की क्लास ली और गेम भी खेले। गुरुवार को कक्षा 1 के बच्चों ने पूल पार्टी की, मिट्टी के बर्तन बनाना सीखा और फॉयरलेस कुकिंग सीखी। कक्षा 2 के बच्चों ने डांस की क्लास ली और ऑर्ट तथा क्रॉफ्ट की चीजें सीखीं। कक्षा 3 के बच्चों ने डांस क्लास ली, फॉयरलेस कुकिंग की और मिट्टी के बर्तन बनाना सीखा। कक्षा 4 के बच्चों ने डांस की क्लास ली और आर्ट तथा क्रॉफ्ट सीखा। कक्षा 5 के बच्चों ने मिट्टी के बर्तन बनाना सीखा और फॉयरलेस कुकिंग भी की। शुक्रवार को कक्षा 1 के बच्चों ने ऑर्ट तथा क्रॉफ्ट सीखा और गेम खेले। कक्षा 2 के बच्चों ने पूल पॉर्टी की, फॉयरलेस कुकिंग सीखी और मिट्टी के बर्तन बनाए। कक्षा तीन के बच्चों ने डांस क्लास ली और ऑर्ट तथा क्रॉफ्ट सीखा। कक्षा 4 के बच्चों ने मिट्टी के बर्तन बनाना सीखा और फॉयरलेस कुकिंग सीखी। कक्षा 5 के बच्चों ने डांस क्लास ली और ऑर्ट तथा क्रॉफ्ट सीखा। कक्षा 6 से 11 तक के बच्चों ने गुरुवार और शुक्रवार को मिट्टी के बर्तन बनाना सीखा, ऑर्ट और क्रॉफ्ट सीखा, डांस क्लास ली फॉयरलेस कुकिंग की, म्यूजिक सीखा और क्रिकेट तथा फुटबॉल के गेम खेले। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा, कि समर कैम्प के द्वारा बच्चे आनंद और उल्लास के साथ जीवन के गुण भी सीख रहे हैं। बच्चों ने न सिर्फ अनेक ऐक्टिविटी का आनंद लिया, बल्कि उनसे तमाम चीजें सीखी भी। बच्चों ने समर कैम्प का खूब आनंद उठाया और उसके द्वारा भविष्य में काम आने वाली अनेक चीजें भी सीखी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



अखंड भारत संदेश

**मोहनगंज।** अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम को नि0 श्रीचन्द्र थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 351/22 धारा 409 भादवि में वांछित अभियुक्त विश्वनाथ वर्मा पुत्र स्व अहेरवादीन नि0 ग्राम मोतीगंज मजरे युशुफनगर थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 61 वर्ष को रस्तामऊ-फूला तिराहा के पास से समय करीब 06:25 बजे गिरफ्तार किया गया । थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में थरवई के कटियाही गांव में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

एक दर्जन से जयादा घायल
एक की हालत नाजुक

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के थरवई थाना अंतर्गत कटियाही गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच लाठी डंडे कॉल गए। दोनों पक्षों में हुई जमकर मारपीट दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां एक की हालत नाजुक बताते हुए शहर के लिए रेफर कर दिया गया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।गंगानगर के थरवई थाना अंतर्गत कटियाही गांव में आज सुबह को जमीन पर कब्जे को लेकर भारत सिंह और बृजभान सिंह के परिवार के बीच पहले झगड़ा हुआ। फिर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडा, ईट पत्थर और धुरमुस चलने लगे। दोनो पक्षों में जमकर मारपीट में भारत सिंह, अमित, अंकित, अंकुर, छोटू, राजू और दूसरे पक्ष के बृजभान, पिंटू, विकास, उदयभान, जय सिंह, प्रवीण, आनंद, भोले, सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए। लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मारपीट की सूचना पर पुलिस संग अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस पहुंच गई। घायलों की संख्या अधिक होने की वजह से दो और एंबुलेंस बुलाई गई।

# गंगा में डूबे युवक की 14 दिन बाद मिली लाश

दोस्तों संग नहाते समय डूबा था; बीएससी की पढ़ाई कर रहा था ऋषभ



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बाहरपुर मवैया गंगा घाट पर बीते दिनों स्नान करने गया युवक डूब गया था। युवक का शव शुक्रवार को 14 दिनों बाद लाक्षागृह गंगा घाट पर मिला' सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद परिजनों ने युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।जानकारी के मुताबिक, विनोद शवों को जलाने का काम करता है। शुक्रवार की सुबह 5 बजे शौच के लिए गया हुआ था ' इसी दौरान गंगा किनारे एक युवक के शव को उतराता देखा। उसने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस के साथ-साथ परिजनों को दी ' सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों के साथ-साथ पुलिस ने शव का शिनाख्त करते हुए पंचनामा कर कानूनी प्रक्रिया पूरी किया इसके बाद परिजनों ने युवक का लाक्षागृह गंगा घाट पर ही अंतिम संस्कार किया।

**तीन अन्य दोस्तों के साथ गंगा में नहाने गया था युवक :** जगुआ सोंधा गांव निवासी ऋषभ मिश्रा (18) अपने दोस्त सुनील मिश्रा (22), रजत मिश्रा (17) और अभिनव मिश्रा (21) के साथ बीते 6 मई को गंगा स्नान करने के लिए बाहर पुर मवैया गंगा घाट पर गया हुआ था ' जहां स्नान के दौरान ऋषभ गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया था जिसे गोताखोरों व एन डी आर एफ के द्वारा लगातार तीन दिन तलाश किया गया था फिर भी युवक की कोई सुराग नहीं मिली थी 'दो भाइयों में सबसे बड़ा था ऋषभऋषभ मिश्रा दो भाई में सबसे बड़ा था, जो बीएससी कर रहा था ' युवक की लाश मिलने के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## छात्र की बॉडी 36 घंटे बाद मिली, दूसरा लापता

**एसडीआरएफ और गोताखोर नदी में चला रहे सर्च ऑपरेशन, बहकर 500 मीटर दूर चली गई थी बॉडी**

**प्रयागराज।** मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 2 छात्र दीपेंद्र सिंह और विकास मौर्या गुरुवार को गंगा नदी में नहाते समय डूब गए। करीब 36 घंटे की मशक्कत के बाद विकास मौर्य का शव मिल गया। लहरों के साथ बहकर करीब 500 मीटर दूर शव चला गया था। अभी टीम को दूसरे छात्र दीपेंद्र के बारे में कुछ पता नहीं चल सका है।बता दें कि गुरुवार सुबह दोनों दोस्तों के साथ प्रयागराज के शिवकुटी इलाके में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास गंगा में नहाने उतरे थे। एसडीआरएफ और गोताखोरों ने दिनभर सर्च अभियान चलाया। दोनों को दारागंज, अरैल और संगम क्षेत्र तक तलाश किया पर कुछ पता नहीं चल सका है। शुक्रवार की सुबह फिर से दोनों की तलाशी का अभियान शुरू किया गया है। दीपेंद्र और विकास मौर्या के परिजन भी देर शाम तक प्रयागराज पहुंच गए हैं।एसओ शिवकुटी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को विकास की बॉडी मिली है। उसको पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।
**यहां अक्सर होते रहते हैं हादसे :** कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास ही घर बनाकर रहने वाली सीता देवी बताती हैं कि यहां हर साल एक-दो हादसे होते हैं। पिछले साल कटरा का एक व्यापारी तड़के नहाने गया और फिर वापस नहीं आया। उसकी बॉडी भी नहीं मिली थी। वह हर साल सावन भर गंगा नहाने के बाद कोटेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना करता था। कुछ पतै नाहीं चला आजतक कहां गवां।

## ट्रेन के सामने कूदी महिला घरेलू कलह से तंग आकर दी जान, परिजन बोले-मानसिक रूप से डिस्टर्ब थीं



**प्रयागराज।** प्रयागराज के नैनी कोतवाली क्षेत्र में मामा भांजा रेलवे क्रॉसिंग के पास एक महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। गांववालों का कहना है कि वह घरेलू कलह से परेशान थी। जबकि परिवार का कहना है कि महिला मानसिक रूप से डिस्टर्ब थी। पुलिस ने छानबीन करने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया।यमुनानगर के इंडस्ट्रियल एरिया थाना अंतर्गत तेंदुआ 1 गांव निवासी बिटोला देवी (50) पत्नी मुन्नू लाल प्रजापति घरेलू महिला थीं। उसके एक बेटा शिव शंकर और 6 बेटियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। बेटे शिव शंकर ने बताया कि 19 मई को सुबह मां बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई थीं। पहले तो किसी ने ध्यान नहीं दिया जब कई घंटे बीत गए तो उनकी खोजबीन शुरू हो गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा था।दोपहर में नैनी पुलिस के जरिए सूचना मिली की बिटोला देवी की लाश मामा भांजा तालाब के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ी हुई है। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उनकी शिनाख्त की। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बेटे शिव शंकर ने बताया कि उसकी मां की दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही थी। उनका इलाज कराया जा रहा था। वह बिना बताए अक्सर घर से निकल जाती थीं। आज भी वैसा ही किया था। जबकि गांव के लोगों का कहना था कि घर में कलह मची हुई थी। जिससे परेशान होकर उन्होंने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

## यमुनापार के कई पौराणिक स्थल भी पर्यटकों के लिए बनेंगे आकर्षण का केन्द्र

## महाकुंभ के पूर्व प्रयाग सर्किट के तहत आस्था केन्द्रों का अलंकरण जरूरी : डॉ.भगवत

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** पावन प्रयाग की महिमा और प्रतिवर्ष गंगा यमुना की रेती में आयोजित माघ मेले के दौरान बिना आमंत्रण के करोड़ों लोग संगम में डुबकी लगाने पहुंचते हैं।अपनी पंचकोशी और चौरासी कोसी परिक्रमा की मान्यताओं के अनुरूप आगामी महाकुंभ के पूर्व यदि इनआस्था के केन्द्रों का जीर्णोद्धार और अलंकरण करा कर प्रयाग सर्किट से जोड़ दिया जाय तो इससे पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने के साथ साथ स्थानीय विकास,सरकारी आय और रोजगार को भी गति मिलेगी।यह बातें क्षेत्र के रामपुर में आयोजित जागृति मिशन की बैठक के दौरान मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि इस परिक्षेत्र के एक ओर जहां पश्चिम में अरैल त्रिवेणी पुष्प और पूर्व में विंध्याचल मुख्य द्वार के रूप में विद्यमान हैं वहीं उत्तर भाग में गंगा -तमसा और दक्षिणी परिक्षेत्र में यमुना और विंध्य पहाड़ी की वादियों के बीच कई अतीत के प्रतीक रामायण और महाभारत कालीन स्थल मौजूद हैं। बैठक में मुख्य वक्ता व अध्यक्षता कर रहे जबलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष रहे राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मिशन के संरक्षक प्रो.रहस बिहारी द्विवेदी ने कहा कि तीर्थराज प्रयाग अपनी पावन महिमा के साथ विश्वमानवमूल्य संसाधन केंद्र के रूप में जग विदित है। यहां पवित्र बेनी माधव मंदिर,चक्र माधव, गधा माधव, सोमेश्वर धाम, मनकामेश्वर धाम जैसे तीर्थ आस्था के आकर्षण हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत प्रवक्ता डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी ने कहा कि यमुनापार क्षेत्र के शंकरगढ़, बारा स्थित पौराणिक मनकामेश्वर धाम लालापुर, अमिलियन देवी, सुजावन देव, भीटा, गढ़वा का किला मौजूद है वहीं नैनी क्षेत्र में सोमेश्वर नाथ,प्रभु जी की बैठक, सच्चा आश्रम, चक्र माधव, गधा माधव, समोगर नाथ धाम जैसे पवित्र स्थल हैं। करछना में गंगा-तमसा तट स्थित महर्षि बाल्मीकि रचना प्रेरणा स्थली, कुशगढ़ महादेव मंदिर, सिरसा स्थित श्रीनाथ मंदिर, परानीपुर बाबा महाराज धाम, पगला आश्रम, रामनगर देवी धाम, बरसैता किला, पहड़ी महादेव मंदिर के साथ-साथ माण्डा स्थित मांण्डवी देवी, महाभारत कालीन बोलन धाम,जैसे कई अति प्राचीन स्थल लोगों में अपनी सनातन मान्यताओं को लेकर आस्था के केंद्र के रूप में मौजूद हैं। वक्ताओं ने कहा कि इसके अलावा भी प्रयाग के समीपस्थ ककरा में महर्षि दुवार्सा आश्रम, पड़िलन महादेव मंदिर,कड़ा धाम जैसे केंद्रों का भी अलंकरण कर प्रयाग सर्किट से जोड़ दिया जाए और शासन स्तर से यहां पहुंचने के लिए वाहनों की भी सुविधा प्रदान की जाए तो यह केंद्र आगामी महाकुंभ के पूर्व प्रयाग आने वाले, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार और सरकारी आए बढ़ाने में सहयोगी सिद्ध होंगे। बैठक में तीर्थराज पांडेय, मनीष तिवारी, रामलोचन सांवरिया, डॉ. राजेंद्र शुक्ल, मानिक चन्द्र ओझा, जीतेंद्र जलज, अशोक बेशरम, राजमणि चौधरी, अतुल तिवारी, विजयपाल, कमला शंकर त्रिपाठी, संतोष शुक्ला समर्थ, रिंकू सिंह, वेद श्रीवास्तव, मोहनलाल पाण्डेय, डॉ. वीरेंद्र कुसुमाकर, श्यामलाल बेगाना, रामबाबू यादव समेत कई कवि कलाकार समाजसेवी मौजूद रहे।

## तालियों की गड़गड़ाहट के बीच फैन पार्क में मिलेगा आईपीएल का रोमांच, निःशुल्क मिलेगा प्रवेश

**प्रयागराज।** तालियों की गड़गड़ाहट से भरे इंडियन प्रीमियर लीग के मैच का रोमांच जिस तरह किसी स्टेडियम में देखने को मिलता है, ठीक उसी तरह अब प्रयागराज में भी लोग आईपीएल का आनंद ले पाएंगे। टाटा आईपीएल की ओर से शनिवार को केपी इंटर कॉलेज के मैदान पर आईपीएल फैन पार्क लगने जा रहा है। इसमें आईपीएल के मैच की तरह मनोरंजन की सभी सुविधाओं का लोग लुत्फ उठा सकेंगे।फैन पार्क में लगी एलईडी स्क्रीन पर हजारों लोगों को मैच दिखाया जाएगा। शनिवार को आईपीएल लीग के दो मैच हैं। पहला मैच दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स व दूसरा मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच होगा। इस दौरान फैन पार्क में सभी दर्शकों का प्रवेश निशुल्क रहेगा। पार्क में दोपहर दो बजे से ही प्रवेश शुरू हो जाएगा।पार्क में लकी ड्रॉ कूपन प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को गिफ्ट भी दिए जाएंगे। वहीं, दर्शकों के लिए फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने के लिए अलग से व्यवस्था, सेल्फी जोन, म्यूजिक, फूड स्टॉल, गेम्स की भी व्यवस्था होगी।आयोजनकताओं ने बताया कि इस पार्क में आने वाले दर्शकों को ऐसा लगेगा, जैसे दर्शक स्टेडियम के अंदर ही बैठकर मैच देख रहे हों।

# मेजा में कार की टक्कर से पति की मौत, पत्नी गंभीर

**अस्पताल में भर्ती, बाइक से घर लौटते समय हादसा**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र के धराव नारा स्थित गौरीशंकर पेट्रोल पंप के पास प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से उन्हें अस्पताल भेजा गया। जिसमें पति की मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।जिगना थाना क्षेत्र के चितौली (टड़िया) निवासी मोहम्मद हफीज (55) पुत्र अब्दुल लतीफ शुक्रवार को पत्नी तहरू निशा को लेकर बाइक से रामनगर (सोनार का तारा) गए थे। दोनों दोपहर घर लौट रहे थे। तभी धराव नारा (गौरीशंकर पेट्रोल पंप) के पास तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक के दौरान जोरदार टक्कर मार दी। इससे दम्पति बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद चालक कार छोड़कर भाग निकला। जबकि हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंचे दिघिया चौकी प्रभारी आशीष सिंह यादव ने घायल दम्पति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां से डॉक्टरों ने शहर के लिए भेज दिया। वहीं इलाज के दौरान पति हफीज ने दम तोड़ दिया। पत्नी जिन्दगी मौत से लड़ रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बेटे अतीक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रोड एक्सीडेंट में हेड कांस्टेबल की मौत

**ड्यूटी करके बाइक से जा रहे थे आवास, तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर**



**प्रयागराज।** प्रयागराज की करछना तहसील में 18 मई को हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में ड्यूटी करने के बाद रात में मोटरसाइकिल से वापस थाने पर लौट रहे हेड कांस्टेबल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह बारा थाने में पोस्टेड थे। पुलिस ने उनकी लाश पोस्टमार्टम हाउस भेज दी है। उनकी आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।फतेहपुर जनपद के मछुआ थाना अंतर्गत बरमतपुर गांव निवासी संतोष कुमार (54) पुत्र महावीर प्रसाद पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। उनकी वर्तमान में पोस्टिंग बारा थाने में थी। 18 मई को करछना बार एसोसिएशन का चुनाव काउंटिंग दोनों थी। जिसमें संतोष कुमार की ड्यूटी लगी हुई थी। संतोष कुमार सुबह ड्यूटी पर गए थे। रात में ड्यूटी खत्म होने के बाद वह वापस लौट रहे थे। रास्ते में ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई। उनके दो पुत्र एवं 5 पुत्रियां हैं। भाई उमाशंकर ने बताया कि तीन बेटियों और एक बेटे की शादी वह कर चुके थे। एक बेटे और दो बेटी की शादी बाकी है। उनके मौत की खबर से पत्नी कुंती देवी का रो रो कर बुरा हाल है। पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## प्रयागराज के नगर निगम की टूटी परंपरा, बोले-अधिकारियों ने भेज दी तो ले लिया...

## शपथ ग्रहण के पहले ही सरकारी गाड़ी पर महापौर




**प्रयागराज।** प्रयागराज में शपथ ग्रहण से पहले ही महापौर की सरकारी गाड़ी को नवनिर्वाचित महापौर गणेश केसरवानी के घर पहुंचा दिए। यह पहला मौका होगा जब बिना पदभार ग्रहण किए कोई नवनिर्वाचित महापौर सरकारी गाड़ी स्कोडा से चल रहा हो। मतगणना के दूसरे दिन ही सुबह नगर निगम के अधिकारी उस सरकारी गाड़ी को गणेश केसरवानी के घर पहुंचवा दिए थे।हमने गाड़ी नहीं मांगी थी, नगर निगम के अधिकारियों ने शिष्टाचार व सम्मान में भेज दिया तो हमने स्वीकार कर लियाङ्क हालांकि महापौर तो चुने ही गए हैं।
**शपथ ग्रहण के बाद मिलती है सुविधाएं :** दरअसल, जब महापौर पद की शपथ लेते हैं तो उसके बाद गाड़ी, गनर और अर्दली उपलब्ध कराई जाती है। यह नियम सिर्फ महापौर के लिए ही नहीं बल्कि मंत्री आदि के लिए भी लागू होता है लेकिन प्रयागराज नगर निगम के नगर आयुक्त ने महापौर के स्वागत में गाड़ी पहले ही भेज दी। अभी शपथ ग्रहण कब होगा, यह भी कन्फर्म नहीं है। नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने बताया ने यह कहते हुए किनारा कर लिया कि उन्हें इस नियम के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है। पता करके बताते हैं।

## हाईकोर्ट : विधि छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी अधिवक्ता की जमानत अर्जी खारिज, इसके पहले भी निरस्त हो चुकी है अर्ज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधि छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी अधिवक्ता की जमानत अर्जी नामंजूर कर दी है। अधिवक्ता ने दोबारा जमानत अर्जी दाखिल की थी। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने अधिवक्ता राजकरन की अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है।विधि छात्रा ने सात अप्रैल 2021 को सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि अधिवक्ता राजकरन के साथ प्रैक्टिस के लिए हाईकोर्ट जाती थी। इस दौरान राजकरण और उसके साथी अधिवक्ता ने छात्रा का यौन उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोप है कि उसका लंबे समय तक यौन उत्पीड़न किया गया। अधिवक्ता जेल में है। उसकी ओर से कोर्ट में तर्क दिया गया कि पीड़िता का पिता उसके पास पहले से ही मुकदमों को लेकर आया जाया करता था। वह उसका पूर्व परिचित है। उसके पिता ने अपनी बेटी की शादी उसके लड़के के साथ करने का प्रस्ताव दिया था, उसने इन्कार कर दिया था। इस वजह से वह झूठे मुकदमे में फंसा रही है।यह भी कहा गया कि पीड़िता ने अपना बयान बदलने के लिए 10 लाख रुपये की मांग की थी। जमानत अर्जी के विरोध में कहा गया कि द्वितीय प्रार्थना पत्र में कोई नया तथ्य नहीं प्रस्तुत किया गया है। पीड़िता ने याची के खिलाफ बयान दिया है। मेडिकल अफसर के सामने भी उसने यही बयान दिया था। इस पर कोर्ट ने दूसरी जमानत अर्जी को खारिज कर दी।

# फंदे से लटकी मिली युवती,ढाई महीने पहले हुई थी शादी, हत्या का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**दो दिन पहले मायके से लौटी थी**



**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ढाई महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। दो दिन पहले ही विवाहिता अपने पति के साथ अपने मायके गई थी। वहां से लौटने के बाद से वह डिस्टर्ब थी। पुलिस ने उसके पति को हिरासत में ले लिया है। सुसाइड के पीछे एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की बात सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। यमुनानगर के लालापुर थाना अंतर्गत छपारा गांव निवासी मुकेश भारती ने अपनी 21 वर्षीय बेटी अंजली भारती की शादी 27 फरवरी 2023 को शिवा भारती निवासी भोला का पुरवा, धूमनगंज के साथ धूमधाम से की थी। शिवा भारतीय प्राइवेट काम करता है। घरवालों ने बताया कि अंजली भारती ने 19 मई को अपने कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी पर लटक गई। घरवालों ने देखा तो उसे आनन-फानन में नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को सूचना दी गई।मायके वालों को बताया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके पति को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। उसके मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने पुलिस के अनुसार यह बात सामने आई है कि अंजली भारतीया का शादी के पहले गांव के एक लड़के से अफेयर था। वह उसी से शादी करना चाहती थी, लेकिन घरवालों ने जबरदस्ती उसकी शादी दूसरी जगह कर दी थी। जिसकी वजह से वह डिस्टर्ब थी। बुधवार को वह अपने पति शिवा के साथ अपने मायके गई थी।उसके जेठ कृष्णा के मुताबिक लालापुर थाने में अंजली और उस लड़के एवं परिवार के लोगों के बीच में समझौता हुआ था कि शादी के बाद वह एक दूसरे के संपर्क में नहीं रहेंगे और अपनी अपनी जिंदगी में खुश रहे। उसके बाद अंजली अपने पति के साथ वापस अपनी ससुराल चली गई थी। मायके वालों ने आरोप लगाया कि ससुराल आने के बाद शिवा ने अंजलि से मारपीट की थी। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

# छात्रनेता अजय यादव समेत 3 पर एफआईआर

**अखंड भारत संदेश**

**परीक्षाओं के दौरान कैंपस में शोर शराबा और हंगामा करने का आरोप, पुलिस ने जांच शुरू की**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हंगामे के बीच छात्रनेता अजय यादव, आशुतोष पटेल और हरेंद्र के खिलाफ कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यह रिपोर्ट इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर हर्ष कुमार ने दर्ज कराई है।पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया है कि छात्र नेता अजय यादव सम्राट अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर कैंपस में लगातार हंगामा शोर-शराबा और अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। क्योंकि कैंपस में इस समय परीक्षाएं चल रही हैं ऐसे में इस तरह के कृत्य बर्दाश्त के बाहर हैं।प्रभारी निरीक्षक थाना कर्नलगंज को दी गई तहरीर में उन्होंने कहा है कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच अजय यादव सम्राट पुत्र शिवपूजन, निवासी शेरडीह झूंसी प्रयागराज, आशुतोष पटेल उर्फ राहुल पटेल पुत्र मूलचन्द्र पटेल, पता-अज्ञात और हरेन्द्र कुमार पुत्र रिकृष्ण यादव, निवासी गांव सायर जिला गाजीपुर ने पूरे परिसर में हंगामा, उपद्रव कर रखा है। अपने साथियों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादित हो रही परीक्षाओं के दौरान शोर-शराबा और हंगामा किया, जिससे परीक्षार्थियों को काफी असुविधा हुई। इन लोगों ने कुलपति कार्यालय के सामने कई पुतले भी फेंके। विश्वविद्यालय के द्वारा कुलपति कार्यालय से एक निर्धारित परिधि के भीतर शांति क्षेत्र घोषित किया गया है जहां इस प्रकार का कोई भी कृत्य पूर्णतया वर्जित है। ये सभी कृत्य विश्वविद्यालय की अनुशासन संहिता का घोर उल्लघन है। अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त का संज्ञान लेते हुए (1) अजय सिंह सम्राट आशुतोष पटेल उर्फ राहुल पटेल के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**अजय यादव ने विश्वविद्यालय के खिलाफ खोल रखा है मोर्चा**

अजय यादव सम्राट से जब इस बारे में बात की गई तो उसका कहना है कि मैंने फीस वृद्धि , कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की नियुक्ति के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। लगातार धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन कर रहा हूं। छात्र हितों के लिए यह लड़ाई मैं लड़ रहा हूं। यही कारण है कि वीसी मैडम को मुझसे परेशानी है। उन्हीं के इशारे में मुझे कई बार जान से मारने की धमकी दी गई है। मेरे ऊपर एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है। यह एफआईआर भी मुझे डराने का एक कुचक्र है। मैं कुलपति से साफ शब्दों में कह देता हैं कि मैं आपसे डरने वाला नहीं हूं आप चाहे मुझे फांसी ही क्यों न चढ़वा दें।

## हाईकोर्ट सख्त : यूपी सरकार ठोस कार्यवाही करे, नहीं तो कोर्ट पारित करेगी आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा 917 सहायक प्रोफेसर पदों की भर्ती के मामले में जवाब दाखिल करने के लिए यूपी सरकार को अंतिम मौका दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यूपी सरकार अगली सुनवाई की तिथि तक अपना जवाब दाखिल करे। नहीं तो कोर्ट इस मामले में आदेश पारित करेगी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 23 मई की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने महेंद्र सिंह व तीन अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि उसने अपने दो मई के आदेश में कोरम पूरा कर भर्ती पूरा करने का स्पष्ट आदेश दिया था, लेकिन यूपी सरकार ने अभी तक इस मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। अगर सरकार 23 मई तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं करती है तो कोर्ट इस मामले में उचित आदेश पारित करेगी। सरकार ने पिछली सुनवाई पर तर्क दिया था कि वह उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व प्राथमिक शिक्षा का एक चयन आयोग बनना चाहती है। इसलिए आयोग व बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी खाली पदों पर नियुक्ति नहीं कर रही है। कोरम के अभाव में चयन प्रक्रिया रुकी हुई है। इस पर न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कहा कैबिनेट के निर्णय जब तक कानून न बन जाएं, वर्तमान कानून पर प्रभावी नहीं होंगे। सरकार किसी संस्था को निरर्थक नहीं कर सकती। कोरम पूरा न होने के बावजूद बचे सदस्य चयन प्रक्रिया पूरी करें।

# सोरांव अधिवक्ता हुए आक्रोशित एसडीएम को हटाया चैंबर से

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** शुक्रवार को प्रयागराज जिले की सबसे बड़ी तहसील सोरांव मे एसडीएम के कार्यशैली से नाराज हो करके सोरांव के अधिवक्ताओं ने जमकर बवाल काटा।वही अधिवक्ता एकता जिंदाबाद एसडीएम सोरांव मुदार्बाद के नारे लगाते हुए एसडीएम चेंबर में प्रवेश किए कथा एसडीएम बाहर जाओ जैसे गगनभेदी नारे लगाने लगे। गौरतलब है कि पिछले 2 माह से एसडीएम सोरांव के पद को सुशोभित करने के लिए डीएम प्रयागराज संजय खत्री ने आईएएस सार्थक अग्रवाल को हडिया तहसील से स्थानांतरण कर सोरांव में भेजा है। तब सोरांव के अधिवक्ताओं को हर्ष का ठिकाना नहीं रहा कि कोई आईएएस अधिकारी सोरांव का एसडीएम रहेगा। तथा सोरांव तहसील में फैले भ्रष्टाचार को खत्म कर देगा। लेकिन अधिवक्ताओं की उम्मीद पर खरा न उतरने वाले एसडीएम ने अधिवक्ता और अधिकारियों का काम न करने के बजाए अपने चेंबर में बैठे रहते हैं। वही अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम जब से आते हैं तब से जाने तक के समय तक अपने चेंबर में बैठकर अंदर से सकड़ी बंद कर लेते हैं। जिससे अधिवक्ता तथा वादकारी का काम समय से नहीं हो पाता है। तहसील में अराजकता का माहौल फैला हुआ है। वही अधिवक्ताओं का मानना है कि एसडीएम ने किसी संस्था में ऑनलाइन क्लास भी करवाते है। जिससे पूरा समय बीत जाता है। अधिवक्ताओं व वाद कारियो को अपशब्दों का प्रयोग करते हैं जिसको लेकर शुक्रवार को सैकड़ों अधिवक्ता एसडीएम मुदार्बाद के नारे लगाते हुए एसडीएम चेंबर में चले गए। गनीमत रही कि सोरांव थाना प्रभारी के नेतृत्व में अधिवक्ता शांत हुए तत्पश्चात अधिवक्ताओं ने एक आकस्मिक बैठक करके आगे का रणनीति भी बनाए। वहीं फूलपुर के सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में सोरांव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भाईलाल पटेल तथा महामंत्री अच्युतानंद मिश्र के अगुवाई में एक बैठक तहसील सभागार में आहूत की गई। जिसमें एसीपी ने अधिवक्ताओं को बार बेंच की बैठक करने के लिए प्रेरित किए। लेकिन वहीं नाराज अधिवक्ताओं ने बैठक करने की बात पर सहमत नही हुए। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर चंद्र, संयुक्त मंत्री प्रशासन रणविजय यादव, राम प्यारे गौतम, पूर्व अध्यक्ष राम चंद्र यादव,विनय पटेल, पूर्व अध्यक्ष राम आजीवन, पूर्व महामंत्री राजीव कुमार ओझा, पूर्व महामंत्री बृज बहादुर यादव, धीरेंद्र कुमार शर्मा, पंकज गौतम,मनोज यादव संग सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कर्मचारी नेता को किया गया याद

**प्रतापगढ़।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद इकाई ने पीडब्ल्यूडी सभागार में स्वर्गीय वी यन सिंह की 24 वीं पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में अध्यक्ष करुणेश प्रताप सिंह की अगुवाई में जनपद के संबद्ध संगठनों के अध्यक्ष मंत्री व सदस्यों ने मनाई गई। राम त्रिपाठी संरक्षक, जयशंकर तिवारी ऐनुल हसन ,के तिवारी ललित मिश्रा, अरुण प्रकाश सिंह, आशुतोष सिंह, राज कुमार तिवारी, गिरीशपाल सिंह, घनश्याम पांडे, मंटू सिंह, गौरव श्रीवास्तव, रोहड़ी त्रिपाठी, एस के मिश्रा, आशुतोष सिंह, सुनील कुमार सिंह, विनोद कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार तिवारी आदि ने पुष्प अर्पित कर विचार रखे। संचालन जनपदीय मंत्री डॉ हीरा लाल पुष्कर ने किया।

# सूखा एवं बाढ़ से बचाव व राहत कार्यो के सम्बन्ध में एडीएम ने की बैठक

## अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सूखा एवं बाढ़ की आपदा से निपटने हेतु बचाव एवं राहत कार्यो के सम्बन्ध में बैठक की गयी।


अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सूखा एवं बाढ़ से उत्पन्न स्थिति का सामना करने के लिये पहले से ही तैयारी रखी जाये ताकि सूखा एवं बाढ़ की स्थिति में जन-धन की हानि न हो सके तथा पीड़ित व्यक्तियों को अविलम्ब राहत पहुँचायी जा सके। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत विषैले जानवरों के काटने की सम्भावना अधिक रहती है जिसकी दवा जिला अस्पताल सहित जनपद के सभी प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये। इसके अतिरिक्त बाढ़/अतिवृष्टि से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु दवा आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सूखा एवं बाढ़ की स्थिति में पशुओं के लिये चारे पानी आदि की व्यवस्था के लिये तैयारी सुनिश्चित कर ली जाये। जनसामान्य के पेयजल की व्यवस्था हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित किया कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में राजकीय हैण्डपम्पों की जांच करा ली जाये जो हैण्डपम्प खराब पाये जाये उन्हें समय से ठीक करा लिया जाय। अग्निशमन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी पड़ने पर आग लगने की सम्भावनायें अधिक रहती है इसलिये बचाव कार्य हेतु अग्निशमन से सम्बन्धित समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लें। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि ढीले तार, विद्युत पोल आदि को समय से ठीक करा लें। नावों को उपलब्ध कराने एवं सुरक्षा कार्य के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन जिन ग्राम सभाओं में नाव उपलब्ध है उसके मालिकों के नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर की सूची तथा नदियों के आस-पास के गांवों में गोताखोरों की पहचान कर उनका नाम, पता व मोबाइल नम्बर की सूची तहसील स्तर पर तैयार कर ली जाये। इसके अतिरिक्त समस्त सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि बाढ़ एवं सूखा की स्थिति से निपटने के लिये अपने-अपने विभागों की तैयारी समय से पूर्ण कर ली जाये। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाएं लाभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आनलाईन आवेदन वेबसाइट पर स्वीकार किये जा रहे है। आवेदन पत्र साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र लोकवाणी के माध्यम से स्थापित जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकेगा। इस योजनान्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 15000 एवं महिला के दिव्यांग होने पर रुपए 20000 तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दिव्यांग है तो रुपए 35000 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। इच्छुक/पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्नों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ के कक्ष संख्या-25 में जमा करा दें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आनलाईन आवेदन वेबसाइट पर किये जा सकते है। आनलाइन आवेदन किसी भी असुविधा हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ से किसी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# डोर डू डोर नहीं होगा छापा: डिप्टी कमिश्नर

## व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को दिलाया भरोसा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में मंडल के अन्य पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर से मिले और विभाग द्वारा 16 मई से 2 माह अनवरत होने वाले सर्वे छापो के संदर्भ में ज्ञापन देकर व्यापारियों के समस्याओं और सुझाव से अवगत कराया।


वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन देते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

बता दें कि विगत दिनों प्रदेश स्तर से जानकारी हुई कि ग्रामीण अंचल सहित सभी तहसीलों बाजारों व नगर के संदिग्ध व्यापारियों के यहां सर्वे छापे विभाग द्वारा डाला जाएगा। जिसके विरोध व सुधार संबोधित ज्ञापन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय/प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने जीएसटी आयुक्त, उत्तर प्रदेश जीएसटी कार्यालय, लखनऊ को ही दे दिया। उपरोक्त सर्वे-छापों के संदर्भ में प्रतापगढ़ वाणिज्य कर विभाग डिप्टी कमिश्नर को व्यापार मंडल द्वारा ज्ञापन देने पर उन्होंने इस संदर्भ में कई बताते हुए स्पष्ट किया कि डोर टू डोर सर्वे छापे नहीं होंगे, नए पंजीकृत व्यापारियों का सत्यापन होगा, जीएसटी नंबर के लिंकप का सत्यापन होगा, कैंसिल पंजीयन फर्म का लिंकअप सर्वे हो रहा है, एक जीएसटी नंबर पर एक मेल, एक मोबाइल नंबर और चिन्हित कार्य स्थल होने का सत्यापन होगा। इस पर व्यापारियों ने खुषी जताकर आभार जताया। इस मौके पर जिला महामंत्री संजय सोनी, अभय खंडेलवाल, सुरेश चंद केसरवानी, ज्ञान प्रकाश केसरवानी, इंद्रदेव तिवारी, राहुल केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, नारायण खंडेलवाल, प्रहलाद खंडेलवाल, राहुल गुप्ता, सुनील जायसवाल, पंकज केसरवानी, अख़्तर राइन, प्रदीप यादव, शकील अख्तर, संजीव जयसवाल, अरविंद जैन, प्रभात सोनी, हरीश कुमार सोनी, देवी प्रसाद मिश्र, अरुण सोनी, विनोद कुमार सिंह, मूलचंद सोनी, रमेश पाठक, अमित केसरवानी, प्रवीण केसरवानी, संजय झालानी, अभिषेक सोनी, राजेंद्र त्रिपाठी आदि अन्य पदाधिकारी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव आज

**प्रतापगढ़।** एम0एच0यू0 हाईस्कूल व मदरसा मुहैयुल इस्लाम का वार्षिकोत्सव 20 मई को शाम सात बजे बाबूगंज में आयोजित किया गया है। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि डा0 रोषन जहां शेख व विषिष्ट अतिथि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी, डा0 मोहम्मद अदनान खान व ब्लाक प्रमुख पति लक्ष्मणपुर डा0 राकेश सिंह होंगे।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश में युवक की जमकर पिटाई कर दी गई, लोगों के बीच-बचाव से किसी तरह युवक की जान बची पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव के रहने वाले बृजेश प्रजापति ने आरोपित किया है कि उसके घर पर बारात आई हुई थी उक्त युवक बरात में मारपीट कर रहे थे जिसका विरोध करने पर पहले से खुन्नस खाए युवकों ने बुधवार की देर रात्रि युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से जमकर पिटाई चालू कर दी जिस पर हल्ला गुहार होने पर आसपास के लोग के आ जाने से किसी तरह उसकी जान बची पीड़ित ने कोतवाली में आकर नामजद तहरीर आरोपियों के खिलाफ देते हुए कार्रवाई की मांग की है पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# बरगद के पेड़ों के नीचे सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

## पति की सलामती के लिये महिलाओं ने की विधि विधान से पूजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज शुक्रवार को शहर में सुबह से ही महिलाएं बरगद के पेड़ों के नीचे एकत्र होने लगी थी, जहां उन्होंने अपने पति की लम्बी आयु के लिये विधि विधान से पूजा अर्चना की। शहर के बेल्हा देवी मंदिर परिसर में स्थित बरगद के पेड़ व शहर के अन्य बरगद के पेड़ों के नीचे आज सुहागिन महिलाएं सज-धजकर हाथ में पूजा सामग्री लेकर पहुंची थी।


बेल्हा देवी मंदिर में स्थित बरगद के पेड़ के नीचे पूजा करती सुहागिन महिलाएं।

महिलाओं ने विधि विधान पूजा कर अपने पति की सलामती के लिये प्रार्थना किया। यह क्रम शुक्रवार की दोपहर तक चलता रहा। बताया जाता है कि इस वट सावित्री पूजा की एक चर्चित कथा भी है जिसमें यमराज आकर भी मां सावित्री की पूजा देखकर खाली हाथ लौट गया था। इसी कहानी को आधार मानकर सुहागिन महिलाएं आज कई स्थानों पर बरगद के पेड़ के नीचे यह पूजा अर्चना की। ज्यादा भीड़ सुबह से शुरू हुई थी लेकिन जैसे-जैसे धूप तेज हुई, भीड़ कम होती गई। दोपहर तक महिलाएं पूजा पाठ कर वापस लौट गई थी। महिलाओं ने पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

# सई किनारे सच्चा बाबा आश्रम में बरसेगा राम कथा रस

## गंगा दशहरा पर होंगे विविध कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सई किनारे चिलबिला में स्थित सच्चा बाबा आश्रम में विष्णु महायज्ञ, संत सम्मेलन और गंगा दशहरा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसको भव्य बनाने की तैयारी जोरों पर चल रही है। बैठक में महंत मनोज ब्रह्मचारी ने बताया


महंत मनोज ब्रह्मचारी।

कि इस वर्ष भी सबके कल्याण के लिए आयोजन किया जा रहा है।

इसमें 21 मई से 30 मई तक विविध प्रकार के आयोजन होंगे। पहले दिन शाम पांच बजे भगवान श्रीराम की बरात शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गापाल मंदिर से होकर चिलबिला तक घूमेगी। आयोजन में हर दिन महायज्ञ चलेगा। शाम पांच बजे से मानस मधुकर पं. दिनेश त्रिपाठी महाराज श्रीराम कथा सुनाएंगे। महंत मनोज ब्रह्मचारी ने बताया कि 30 मई को गंगा अवतरण दिवस यानी गंगा दशहरा धूमधाम से मनाया जाएगा। सई गंगा की आरती, भंडारा समेत कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी दिन शाम को संत सम्मेलन भी होगा, जिसमें सच्चा बाबा आश्रम समेत अन्य स्थानों से प्रमुख संत आएंगे और समाज का मार्गदर्शन करेंगे।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक बुरी तरीके से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया उसके बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के सैफाबाद बाजार का रहने वाला अमित मिश्रा पुत्र जयनारायण मिश्रा शुक्रवार को पट्टी बाजार आया हुआ था वह सामान लेकर घर लौट रहा था जैसे ही वह मुजाही बाजार के समीप पहुंचा पीछे से आ रही एक ट्रक के आने पर वह अपनी बाइक को सड़क के किनारे खड़े कर दिया तभी सामने से एक बुलेट बाइक सवार ने युवक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरीके से जख्मी हो गया मौजूद लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का कराएं निस्तारण

## न्यायिक मजिस्ट्रेटों की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** 21 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में जनपद न्यायालय के सभागार में समस्त सम्मानित न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी लोक अदालत सुमित पवांर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।


लोक अदालत को लेकर बैठक करते न्यायिक मजिस्ट्रेट।

नोडल अधिकारी लोक अदालत ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी न्यायिक अधिकारी अपने न्यायालय से अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के माध्यम से करायें ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 21 मई को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सके।

बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार द्वितीय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुमार त्रिपाठी सहित अन्य समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का संयोजन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा किया गया। वाह्य न्यायालय कुण्डा एवं वाह्य न्यायालय लालगंज द्वारा विडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा मीटिंग में प्रतिभाग किया गया।

## मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का कार्यक्रम 23 से

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि विगत वर्षो की भांति वर्तमान वर्ष 2023-24 में संयुक्त निदेशक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियां निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया है कि मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 मई से 25 मई, 06 जून से 08 जून, 11 सितम्बर से 13 सितम्बर, 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर, 16 नवम्बर से 18 नवम्बर एवं 12 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होना है। उन्होने बताया है कि दूर-दराज के प्रशिक्षणार्थियों के लिये कृषक छात्रावास में एक साथ 25 कृषकों के ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था है परन्तु भोजन/बोर्डिंग एवं जलपान की व्यवस्था प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं करना होगा। प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के लिये प्रति प्रशिक्षणार्थी 50 रुपए पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय संयुक्त निदेशक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती के टेलीफोन नम्बर 05542-246843 या मशरूम प्रभारी विवेक मोबाइल नम्बर 8840536039 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में 20 मई 2023 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील रानीगंज में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील सदर एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील लालगंज में किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा।

## ओडीओपी योजना के लाभ के लिये 31 मई तक करें आनलाईन आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत बेरोजगार एवं हाईस्कूल उत्तीर्ण युवक/युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु (उद्योग हेतु अधिकतम रू0 25 लाख एवं सेवा क्षेत्र में 10 लाख तक) ऋण बैंकों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है जिसमें 25 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जायेगा। आवेदन किये जाने हेतु हाईस्कूल मार्कशीट, आधार कार्ड, फोटो, निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, जाति प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करना होगा। आवेदक की आयु 18 दवर्ष से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिये। इसी क्रम में ह्यएक जनपद एक उत्पादह्न (ओ0डी0ओ0पी0) वित्त पोषण योजनान्तर्गत जिसमें शैक्षिक योग्यता अनिवार्य नहीं है तथा आयु कम से कम 18 वर्ष पूर्ण हो के भी आवेदन पत्र वेबसाइट पर किये जायेगें। इसमें 150 लाख से अधिक तक के ऋण ऑवला उत्पाद हेतु प्राप्त किये जा सकते है तथा 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक अधिकतम 20 लाख तक अनुदान का भी प्रावधान है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओडीओपी योजनाओं हेतु आनलाइन आवेदन पत्र 17 मई से 31 मई 2023 तक किये जा सकते है। आनलाइन आवेदन वेबसाइट किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर 7007923607 एवं 6388601418 पर अथवा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## ग्रामसभा की भूमि में स्थित पेड़ों की नीलामी 26 को

**प्रतापगढ़।** नीलामी अधिकारी/नायब तहसीलदार रामपुर तहसील लालगंज ने सूचित किया है कि ग्राम उधरनपुर परगना रामपुर व तहसील लालगंज की ग्रामसभा की भूमि में स्थित पेड़ों की नीलामी दिनांक 26 मई 2023 को अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक तहसील लालगंज के न्यायालय नायब तहसीलदार अठेहा कक्ष संख्या-3 में की जायेगी। नीलामी की शर्तें एवं पेड़ों का विवरण व मूल्यांकन किसी कार्यदिवस में कार्यालय समय पर आकर तहसीलदार लालगंज के कार्यालय में देखा जा सकता हैं। इच्छुक व्यक्ति समय से उपस्थित होकर पेड़ों की नीलामी की कार्यवाही में प्रतिभाग करें।

# बिजली विभाग के चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप

## चिलचिलाती धूप में चेकिंग अभियान चलाया

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** बिजली बकायेदारों व चोरी से बिजली का प्रयोग करने वालो के लिए शुक्रवार की दोपहर एसडीओ मानिकपुर राहुल बैश्य व कालाकांकर जेई ब्रजेश यादव व कालाकांकर नोडल अधिकारी सुनील कुमार यादव ने अपने लाइन मैन स्टॉफ के साथ आलापुर व पाईकगंज बाजार परियावां मे तड़पती धूप की परवाह न करते हुए बिजली चेकिंग अभियान चलाया जिसमे लगभग पंद्रह पांच हजार से बड़े बकायेदारों की केबिल काटकर खम्भे से अलग किया।

चेकिंग अभियान के दौरान कनेक्शन धारको मे हड़कंप मचा रहा लगभग तीन घंटे के चेकिंग अभियान मे अफरा तफरी का माहौल बना रहा लोग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के जाने का इंतजार करते रहे।बड़े बकायेदारों व बाई पास बिजली की चोरी करने वालो को चिन्हित कर उनका लोड व मीटर चेक किया अवैध तरीके से बिजली चोरी करने वालो की वीडियो क्लिप बनाकर ले गये। बिजली विभाग के अधिकारियों के चले जाने के बाद लोगो ने राहत की सांस ली। एसडीओ राहुल वैश्य व जेई ब्रजेश यादव ने बताया कि जिन कनेक्शन धारको का 5 हजार रु0 से ज्यादा बिजली का बकाया है उसे दो तीन दिन के अंदर जमा कर दे इसके बाद जब चेकिंग अभियान होगा तो बड़ी कारवाई की जाएगी। चोरी से बिजली का प्रयोग करने वालो की अब खैर नही है। इस चेकिंग अभियान मे लाइन मैन शुभम सिंह, राजेंद्र कुमार, बब्बू सोनकर, शिव कुमार, लल्लू, पप्पू, वेदांत प्रताप, अनिकेत कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

## मॉडल पब्लिक स्कूल मुरस्सापुर में बच्चों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मॉडल पब्लिक स्कूल मुरस्सापुर में स्कूल के एक माह छुट्टी होने पर स्कूल के प्रधानाध्यापक वकील अहमद ने स्वच्छता के प्रति बच्चों को शपथ दिलाई गई जिसमें प्रधानाध्यापक ने अपने मोबाईल के द्वारा बच्चों को शपथ दिलाया कि मैं स्वच्छता के प्रति भारत माता की सेवा के लिये गंदगी को दूर करके लोगों को जागरूक करेंगे जिसमें स्वच्छता के प्रति दो घंटे प्रत्येक सप्ताह का समय दूँगा। इस मौके पर स्कूल के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।



मुरस्सापुर में बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाते प्रधानाध्यापक।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले का 25 मई को आयोजन

**कौशाम्बी।** राजकीय आईटीआई सिराथू मंझनपुर एवं कौषल विकास मिषन के संयुक्त तत्वावधान में 25 मई 2023 को कौषल विकास मिषन प्रषिक्षण केन्द्र, ओसा चौराहा (रैन बसेरा के सामने) के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी गौतम घोश ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना कौशाम्बी से तीन, थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से दो थाना सैनी से दो कुल 10 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# ईंट भट्ठा में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला मजदूर का शव

## आखिर पिपरकुंडी गांव के ही ईट भट्ठों में क्यों होती है मजदूरों की संदिग्ध मौत!

अखंड भारत संदेश



मजदूर की मौत पर रोते बिलखते परिजन

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पिपरकुंडी गांव के ईट भट्ठे में मजदूरी कर रहे एक युवक की बीती रात ईट भट्ठे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला है सूचना पाकर मौके पर पहुंची करारी थाना पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सवाल उठता है कि पिपरकुंडी के ही ईट भट्ठा में संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूरों की क्यों मौत होती है इसके पहले भी पीपरकुंडी के ईट भट्ठे में कई मजदूरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के मौली गांव के सूरज कुमार उम्र करीब 28 वर्ष अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ करारी थाना के पिपरकुण्डी गांव के पास 777 ईंट भट्ठे पर पथाई का काम करते थे गुरुवार की रात्रि पति-पत्नी झोपड़ी के अंदर सो रहे थे शुक्रवार की सुबह करीब 6:00 बजे सूरज कुमार का शव संदिग्ध अवस्था में झोपड़ी के बल्ली में लटकता हुआ मिला है मौके की परिस्थितियां आत्महत्या से इंकार कर रही थी ईट भट्ठा में मजदूर की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर मजदूरों का जमावड़ा लग गया मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर थाना पुलिस पहुंची है मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी ने लिखित तहरीर करारी थाना में दिया है करारी पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है ईट भट्ठा में मजदूर की मौत कैसे हुई है यह पुलिस के लिए जांच का विषय है बताया जाता है कि इसके पहले भी पिपरकुंडी के ईट भट्टे में संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूरों की मौत हो चुकी है।

### गाली गलौज कर रहे मंदबुद्धि की लोगों ने की पिटाई

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के खपरा खंदेवरा गांव का एक मंदबुद्धि युवक लोगों को गाली गलौज कर रहा है यह बात लोगों को नागवार गुजरी और गाली गलौज करते हुए रास्ते से जा रहे मंदबुद्धि युवक की लोगों ने पिटाई कर दी है पिटाई किए जाने के बाद मामला पुलिस थाना पहुंच गया है। कुसुम देवी पत्नी शंकर रैदास का कहना है कि उनका लड़का विरेन्द्र कुमार मानसिक रूप से विक्षिप्त रहता है तथा दौरा (मिर्गी) का मरीज है !जिसका इलाज काफी दिनों से चलता आ रहा है गुरुवार की शाम करीब 5:00 बजे विरेन्द्र अपने गांव की तरफ से अपने आप बड़बड़ाते हुए अपने घर आ रहा था! तभी गांव के आधा दर्जन लोगों ने विक्षिप्त को पकड़ कर नीम के पेड़ में बांध दिए! गाली का आरोप लगा कर लाठी डण्डा से बुरी तरह से मारे पीटे गांव के लोगों ने किसी तरह विक्षिप्त को बंधक से मुक्त कराया विक्षिप्त की मां ने स्थानीय थाना चरवा में लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है चरवा पुलिस जांच में जुट गयी है।

## न्यूज झरोखा

### दुष्टों के संघार के लिए भगवान श्री कृष्ण ने लिया धरती पर अवतार : आचार्य इन्द्रेश



**कौशाम्बी।** चायल तहसील के फरीदपुर सुलेम में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन यज्ञाचार्य आचार्य इंद्रेश द्विवेदी एव रोहित जी महाराज कथावाचक के मुखारविंद से हो रहा है गुरुवार को भगवान श्री कृष्ण जन्म पर कथावाचक आचार्य रोहित जी महाराज ने विस्तार से चर्चा की संगीतमय धुन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को गोवर्धन पूजा और भगवान श्री कृष्ण की लीला पर विस्तार से आचार्य रोहित जी महाराज द्वारा वर्णन किया जाएगा उसके बाद रुकमणी विवाह सुदामा चरित्र प्रसंग पर कथावाचक रोहित जी महाराज द्वारा चर्चा होगी श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए प्रतिदिन पांडाल में महिला पुलिस भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है कथा आयोजक कामता प्रसाद मिश्र द्वारा सपरिवार भागवत कथा का आयोजन किया गया है भागवत कथा में मालती मिश्रा और मीना पांडे का विशेष सहयोग है भागवत कथा के पूर्ण होने के बाद 21 मई को हवन पूणाहुति एवं 22 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

### मूरतगंज ब्लॉक के 50 शिक्षक संकुलों ने अपने पद से दिया सामूहिक त्यागपत्र

#### एबीएसए के मध्यम से सौंपा त्यागपत्र



**कौशाम्बी।** जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों के तानाशाही रवैए से नाराज मूरतगंज ब्लॉक के अध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मूरतगंज ब्लॉक के समस्त 50 शिक्षक संकुलों ने एबीएसए के माध्यम से अपने पद से सामूहिक त्यागपत्र दे दिया है ।एक साथ 50 शिक्षक संकुलो द्वारा त्यागपत्र देने से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक संकुल से नियम विरुद्ध एवं पद के अतिरिक्त कार्य लिए जाने के कारण सभी शिक्षक संकुल नाराज चल रहे है,एक साथ सभी शिक्षक संकुल में अपने पद से सामूहिक त्यागपत्र दिया है ।सभी प्रदर्शनकारी शिक्षक संकुलो ने एबीएसए के माध्यम से बीएसए कौशाम्बी को अपने पद से त्यागपत्र भेजा है।

### अपशिष्ट कचरा गड्ढा के निर्माण में लापरवाही पर डीपीआरओ ने व्यक्त की नाराजगी



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के राला ग्राम मे अपशिष्ट कचरा गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है अपशिष्ट कचरा गड्ढे के निर्माण की शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी बाल गोविंद श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मौके पर कार्य में धीमी प्रगति पाए जाने पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए समय के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण अपशिष्ट कचरा गड्ढा का निर्माण किया जाए उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी गांव में गंदगी से नालियां बजबजाती रही सफाई की अव्यवस्था थी निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ की नजर बजबजाती नालियों में पड़ी जिस पर उन्होंने पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को नाली सफाई कराने का निर्देश दिया नाली मे गन्दगी देखते ही सफाई कराने के लिए एक सफाई कर्मचारी की नियुक्त किया और सफाई पर ध्यान देने के लिए पंचायत सचिव को निर्देशित किया इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



## साप्ताहिक परेड की सलामी के बाद एसपी ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई, साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी। सभी जवानों से ऑप्टिकल्स (दीवार कूदना, मंकी रोप, रस्सा चढ़ना, फायर मैन लिफ्ट इत्यादि) का अभ्यास कराया गया तथा सभी जवानों से शस्त्राभ्यास भी कराया गया एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली गयी तथा समस्त शाखाओं, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं एमटी शाखा तथा जिम का निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए साथ ही भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



### चोरी की मंगलसूत्र के साथ अभियुक्ता गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कडाधाम पर वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि शीतला धाम मंदिर के पास से किसी व्यक्ति द्वारा गहना चोरी कर लिया गया है इस सूचना पर थाना कड़ाधाम पुलिस महिला आरक्षी रविता वर्मा द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्ता बच्ची देवी पत्नी सैकू लाल सरोज निवासी कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को जमाल तिराहे के पास से एक अदद चोरी की मंगलसूत्र के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है।

# पुलिस चौकी के बगल में भाजपा नेता की होती रही पिटाई पुलिस बनी रही तमाशबीन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी के बगल में पप्पू चाय वाले की दुकान में बैठे भाजपा नेता की गुरुवार की रात्रि लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की गई है चौकी के बगल में भाजपा नेता की पिटाई के मामले में चौकी पुलिस तमाशबीन बनकर तमाशा देखती रही है लाठी डंडे से पिटाई कर रहे हमलावरों को चौकी पुलिस ने रोकने का प्रयास नहीं किया है जिससे चौकी पुलिस पर भी सवाल खड़े हो गए हैं भाजपा नेता पर हमला करने के बाद बेखौफ हमलावर मौके से चले गए हैं चौकी पुलिस ने उन्हें पकड़ने का भी प्रयास नहीं किया है आखिर अपराधियों का इतना हौसला कैसे बढ़ गया है कि वह पुलिस चौकी के बगल में चाय की दुकान में बैठे भाजपा नेता पर लाठियों से हमला कर दे कहीं ना कहीं पुलिस की निष्क्रियता इस मामले में उजागर हो रही है। जानकारी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनोज शुक्ला गुरुवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे मूरतगंज पुलिस चौकी के बगल में पप्पू चाय वाले की दुकान में बैठे चाय पी रहे थे इसी बीच करीब 5 लोग लाठी डंडा लेकर पप्पू चाय की दुकान में पहुंचे जब तक भाजपा नेता कुछ समझ पाते तब तक हमलावरों ने लाठियों से उनकी पिटाई कर दी जिससे भाजपा नेता को चोटें आई हैं बताया जाता है कि चुनावी गुटबाजी के चलते भाजपा नेता की पिटाई की गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है लेकिन अब सवाल उठता है कि पुलिस चौकी के अगल-बगल लोग अपने को सुरक्षित नहीं महसूस करेंगे तो फिर पुलिस चौकी से दूर ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस सुरक्षा का कैसे दावा करेगी पुलिस की लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद है भाजपा नेता पर चौकी के बगल में हमला किए जाने के बाद मूरतगंज चौकी पुलिस पर गम्भीर सवाल खड़े हो गए हैं और आला अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे चौकी पुलिस पर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है।

योगीराज में पुलिस की निष्क्रियता से बेखौफ हुए अपराधी



# अव्यवस्था का शिकार मसूरिया माता का प्राचीन मंदिर

अखंड भारत संदेश

## मेला आयोजन होने पर भी प्रशासन ने नहीं ली सुध ग्राम प्रधान द्वारा कराई जाती वसूली



**कौशाम्बी।** सैकड़ो वर्षो से चली आ रही मेला की परंपरा अब अपना वजूद खोती जा रही है। कारण सिर्फ प्रशासन की अनदेखी है। जहां लोग मसूरिया माता के दर्शन करने के साथ-साथ मेला घूमने का आनंद लेते है और कई परिवार माता के स्थान पर भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण भी करते है। जिले के नेवादा ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा किशुनपुर अम्बारी में प्राचीन मसूरिया माता का मंदिर स्थित है।इस मंदिर के अंदर स्थापित माता मसूरिया देवी की काफी मान्यता है। यहाँ पर सोमवार और शुक्रवार को मेला लगता है। दूर-दूर से लोग यहाँ माता के दर्शन के लिये आते है। शादी से लेकर मुंडन तक इस मंदिर में लोग बधाई लेकर आते है। हजारो की संख्या में भीड़ जमा होती है। इसके बाद भी मेले के अंदर सफाई नाम की चीज नही है चारो तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। चारो तरफ बड़े बड़े घास फैली है। सरकार द्वारा बनवाया गया शौचालय ध्वस्त हो चुका है जिसमें ताला लगा रहता है। मेला क्षेत्र में इतनी ज्यादा गंदगी है कि वहां से बदबू आती है। अब जरा सोचिये कि यदि किसी को शौच की आवश्यक्ता पड़े तो वह कहा जाए। पानी की दो-दो टंकिया बनी है लेकिन वह भी बंद पड़ी है।यहाँ तक कि टोटी भी गायब है।दर्शनार्थियों के लिये बारादरी बनाई गई है जिसमे जगह कम पड़ती है। मंदिर मेले में दुकान बनाए गए है जिसमे ताला लटकता है। दर्शनार्थी कहते है कि जिम्मेदारों किस मंशा से कार्य कर रहे है समझ के परे है। मेले के पीछे दरवाजा लगा हुआ है जिसपर भी ताला लटक रहा है। वहीं मेले की वसूली करने वाले से जानकारी मिली कि हर वर्ष मेले का ठेका होता है इस वर्ष भी ग्राम प्रधान द्वारा डेढ़ लाख का ठेका हुआ है। मुंडन के लिये प्रति व्यक्ति 51 रुपये वसूला जाता है। प्रति अस्थाई दुकानदारों से 10 रुपए लिया जाता है। रोशनी के नाम पर सोलर लाइट लगाई गई जिसमें के सारे बैटरी गायब है।हाई मास्क लाइट भी बन्द पड़ी है।यदि आवस्यकता पड़ जाय तो रोशनी के नाम पर मेला प्रांगण शून्य है।मेले के अंदर बने दुकानों का किराया कौन लेता है।क्या केवल एक ब्यक्ति के लिये दुकान बने है।आखिर मेले से आय हुए पैसो का क्या होता है।सुरक्षा के नाम पर कोई ब्यवस्था नही है। दो दिवसीय मेले में सुरक्षा के नामपर कोई ब्यवस्था नही रहती न कोई प्रशासन और ना ही कोई अन्य सुविधाएं मेले में है सच्चाई तो यह है कि अंधे पीसे और कुत्ते खाय के तंज पर चल रहा है किसुनपुर अम्बारी का मेला।

### गायब नाबालिग बालिका को पुलिस ने किया बरामद

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव से कुछ समय पूर्व नाबालिग बालिका गायब हो गयी थी मामले में पुलिस ने सम्बन्धित मु०अ०सं० 81/23 धारा 363/366 भादवि पंजीकृत किया और गायब बालिका की खोजबीन शुरू की थाना पुलिस ने गायब बालिका अपहृता सुषमा देवी पुत्री सियाराम उम्र 16 वर्ष को उप निरीक्षक और सिपाहियों के सहयोग से थाना क्षेत्र के तूतीर्पुर तिराहे से बरामद किया है अग्रिम कार्यवही हेतु महिला सिपाही रोशनी राय को हिदायद मुनासिब किया गया।

**बाल अपचारी पर विधिक कार्यवाही : कौशाम्बी** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया है।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही : कौशाम्बी** जनपद मे चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम मे जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 153 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा दो वाहनों को सीज किया गया।

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल में बच्चों को प्रशिक्षकों ने दिया म्यूजिक एवं डांसिंग का प्रशिक्षण






अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन भरवारी के अंतर्गत संचालित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज, भरवारी में हो रहे समर कैंप के चौथे दिन स्कूली बच्चों ने जमकर आनंद उठाया है स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप के दौरान स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार के शिक्षा से प्रशिक्षित किया गया है रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के समस्त शिक्षण संस्थानों कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी ,एन .डी. कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एवं कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल भीटी में बच्चों को म्यूजिक एवं डांसिंग का प्रशिक्षण प्रशिक्षको ने दिया है म्यूजिक एम डांसिंग प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने छात्रों को बारीकी से ज्ञान अर्जित कराया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

## स्कूली नाबालिंग छात्रा के साथ रेप



**कौशांबी।** जिले में कक्षा सात की छात्रा से रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोप है कि स्कूल से घर लौट रही छात्रा को बीएसपी कार्यालय के पास से बाइक सवार अज्ञात युवक ने अपहरण कर लिया. वह छात्रा को अगवा कर साहनपुर गांव के बाहर नवनिर्मित श्मशान घाट में ले जाकर जबरन रेप किया. छात्रा को अपनी हवस का शिकार बनाने के बाद आरोपी उसे हाईवे किनारे फेंक कर फरार हो गया सड़क किनारे बदहवास हालत में छात्रा को देखने के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस दी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस के साथ एएसपी समर बहादुर ने घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने छात्रा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में एडमिट कराया. घटना मंझनपुर कोतवाली इलाके की है. वहीं पीड़ित छात्रा ने अपने साथ हुई दरिंदगी की दास्तान परिजनों को सुनाई तो उनके होश उड़ गए. छात्रा के पिता ने इस मामले में अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ स्कूल से लौटते वक्त बेटी को अगवा कर श्मशान घाट में ले जाकर रेप करने के बाद डरा धमका कर सड़क किनारे फेकने की तहरीर पुलिस को दी है।

**पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ केस : कौशाम्बी।** पुलिस ने इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत अपहरण के बाद रेप की धाराओं में अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है. एएसपी समर बहादुर ने बताया कि मंझनपुर कोतवाली इलाके में गुरुवार की दोपहर स्कूल से घर लौट रही कक्षा 7 की छात्रा को बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति घर छोड़ने के बहाने बैठाकर अपने साथ एक नवनिर्मित श्मशान घाट में ले गया और उसके साथ रेप कर सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया. परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है. जांच बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जनहित और किसानहित की अनदेखी हुई तो होगा आंदोलन : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

## किसानो एवं जनहित के मुद्दों को लेकर सकिपा का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री को संबोधित एक पांच सूत्रीय ज्ञापन अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में किसान हित एवं जनहित में समुचित कार्यवाही करने की मांग की गई। गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता विकास भवन मंझनपुर पहुंचे और बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानो के साथ धोखा कर रही है। पहले एक अप्रैल से किसानो के निजी नलकूप का विद्युत बिल माफ करने की प्रदेश सरकार ने घोषणा की परंतु आज तक किसानो के निजी नलकूप का विद्युत बिल माफ नही हुआ। इससे किसान परेशान हैं। साथ ही भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से लोगों का जीना हराम है। इसी तरह सूखे तालाबों में पानी न भरवाने से मवेशी और जंगली पशु पंक्षी प्यासे मर रहे हैं। इसके बाद पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बकायेदार किसानो समेत सभी किसानो के निजी नलकूप का विद्युत बिल माफ किया जाए, सूखे तालाबों मे जल्द भी पानी भरवाया जाए, अघिषित विद्युत कटौती बंद हो, क्षेत्र की जर्जर सड़को की मरम्मत कराई जाए, अघोरी बाबा आश्रम परिसर ग्राम कैमा ब्लॉक सिराथू में पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण कराया जाने जैसी मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, फूलचंद्र लोधी, परिहार लोधी, मनीष मौर्य, विकास कसेरा, मुन्ना पटेल, अखिलेश विश्वकर्मा, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

### जबरन धर्म परिवर्तन करने का बनाया जा रहा दबाव

**कौशांबी।** धर्म परिवर्तन के लिए ससुराल वाले ही महिला पर जबरन धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बना रहे हैं युवक की पत्नी अपने पति को धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव डाल रही है लेकिन महिला के पति ने धर्म परिवर्तन करने से मना किया तो विवाहिता ने फांसी व जहर खा के जान देने की धमकी भी दी हैं युवक के ससुरार वालो का कहना हैं कि अगर तुम धर्म परिवर्तन नहीं करते हो तो हम तुम्हारी पत्नी को नहीं भेजेंगे युवक को ईसाई धर्म परिवर्तन करने के लिए बार बार दबाव बनाया जा रहा हैं लेकिन युवक ईसाई धर्म परिवर्तन नहीं कर रहा हैं जब भी अपनी पत्नी को बुलाने के लिए जाता हैं तो उसकी पत्नी आने से इंकार कर रही हैं धर्म परिवर्तन न करने पर पति पत्नी के बीच में मन मुटाव भी रहता हैं युवक का कहना हैं कि उसकी पत्नी नाटक कर लेती हैं और बीमार हो जाती हैं जानकारी के मुताबिक थाना पिपरी के पवन कुमार पुत्र चंद्र प्रकाश निवासी हरानगी तिवारी गंज थाना पिपरी प्रयागराज की ससुराल थाना पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में धावड़ा गांव में है युवक के ससुराल वालों का कहना है कि ईसाई धर्म परिवर्तन करो अगर तुम ईसाई धर्म स्वीकार नहीं करोगे तो हम अपनी लड़की को आपके साथ नहीं भेजेंगे अगर ज्यादा बोलेंगे तो तुम्हारे खिलाफ मारपीट गाली गलौज दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज कर देंगे युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अग्निकांड की घटना से जन धन की हानि के बचाव के लिए जिम्मेदार रहें सजग : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

## जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने लिया पुलिस फायर स्टेशन उदहिन खुर्द का स्थलीय जायजा

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी बुधवार को पुलिस फायर स्टेशन उदहिन खुर्द का स्थलीय जायजा लिया और मौके पर मिले फायर स्टेशन के जिम्मेदारों से वार्ता की। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बुधवार दोपहर 11 बजे को जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन खुर्द स्थित पुलिस फायर स्टेशन का स्थलीय जायजा लेने पहुंचे। मौके पर मिले कई फायर स्टेशन के जिम्मेदार लोगों से अजय सोनी ने वार्ता की। वार्ता के दौरान अजय सोनी ने फायर स्टेशन में पुराने एवं जर्जर स्थिति के मौजूद अग्निशमन वाहन एवं स्टाफ में कमी पर आपत्ति जताई। साथ ही आसपास के क्षेत्र में अग्निकांड होंने पर होने वाली जन धन हानि के समुचित बचाव के लिए विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में संसाधनो की कमी पर भी चिंता जाहिर की। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि शासन द्वारा आधी अधूरी तैयारी पर ही फायर स्टेशन को काम चलाऊ के तौर पर चालू करा दिया गया है। जबकि जमीनी स्थिति कुछ और है। न तो पर्याप्त मात्रा में स्टाफ हैं, न आधुनिक अग्निशमन के वाहन और न ही पर्याप्त मात्रा में आधुनिक संसाधन। इस संबंध में अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार को जमीनी स्तर पर फायर स्टेशनों को आधुनिक बनाने के लिए आधुनिक संसाधनों की समुचित व्यवस्था एवं स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए आवश्यक पदों पर तत्काल नई नियुक्ति करवानी चाहिए। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि विभाग के जिम्मेदारों को भी चाहिए कि क्षेत्र में कही भी कभी भी आगजनी की घटना होने पाए त्वरित प्रभावी कार्यवाही के लिए सजग रहें और घटना स्थल पर सही समय पर पहुंचे ताकि कम से कम जन धन की हानि हो। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ आदित्य तिवारी, बिंदलेश कुमार, मुकेश कुमार, जुम्मन अली आदि रहे।

संपादकीय

# क्यों भारत को चाहिएं कई सुधा मूर्ति

आर.के. सिन्हा

**श्रीमती** सुधा नारायणमूर्ति की शख्सियत से कोई बिना प्रभावित हुये नहीं रह सकता। उन्होंने अपने पति एन. नारायणमूर्ति को अपनी कंपनी खोलने के लिए अपने प्रिय गहने तक बेच डाले थे। उन्होंने पति को पैसे देकर उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने हिस्से के आकाश को छू लें। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास सुधा मूर्ति जब कोई बात कहती हैं तो उसके पीछे उनके जीवन भर का अनुभव और दर्शन छिपा होता। उन्होंने कुछ दिन पहले एक टीवी के कार्यक्रम में उन लोगों को प्यार-प्यार में कसा जिनके लिए जीवन में पैसा ही सब कुछ होता है। इस तरह के लोग पैसे के आगे शेष सभी चीजों को गौण ही मानते हैं। ये उन स्त्रियों को भी दोयम दर्जे का ही मानते हैं जो साड़ी या सवार-कमीज पहनती हैं। सुधा जी ने इस बाबत अपने साथ घटी एक सच्ची घटना को भी सुनाया। दरअसल पैसा कमाने में कुछ भी गलत नहीं है। अब लोग पैसा कमा भी बहुत रहे हैं। भारत में ही तमाम नये-नये अरब पति सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या हर वर्ष तेजी से बढ़ती ही चली जा रही है। पर सिर्फ किसी को इसलिए आदर्श या नायक तो नहीं माना जा सकता न , क्योंकि ; उसने खूब सारा धन कमा लिया है। हाँ, लेकिन , धन कमाकर उसका समाज और देश के लिए उपयोग किया जाना सबसे अहम जरूर माना जा सकता है। सुधा मूर्ति अपने धन को सैकड़ों करोड़ रुपये के घरों के निर्माण में नहीं फूंकतीं। वे दसियों कारें नहीं रखतीं । उनके लिए ज्ञान और छपे हुए शब्दों का विशेष महत्व है।

हो सकता है कि आपने जितेन्द्र सिंह शंटी का नाम न सुना हो। पर वे किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। वे करोड़ोंपति भी नहीं हैं। उन्होंने कोरोना की दूसरी लहर के समय कोरोना रोगियों को बेड दिलवाने में दिन-रात एक कर दी थी। शंटी गुजरे 30 सालों से राजधानी और इसके आसपास के शहरों में लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने खुद अपने हाथों से सैकड़ों लावरिस लोगों का अंतिम संस्कार किया है। शंटी ने अब तक 100 से अधिक बार रक्त दान करके एक कीर्तिमान भी बनाया है। पिछले चार दशकों से भी अधिक समय से राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) से जुड़े हुए डॉ राजीव सूद की अगुवाई में कोरोना की पहली और दूसरी लहर में उनके अस्पताल ने हजारों कोरोना रोगियों का इलाज करके घर भेजा था।इसी क्रम में वे खुद भी कोरोना की चपेट में आ गए थे। एक बार ठीक हुए तो फिर से लग गए थे मरीजों का इलाज करने में। उस कठिन काल में यहां जो कोई भी आया उसे सेहमतमंद करने के लिए आरएलएम के डॉक्टरों और नर्सों ने अपनी जान लगा दी थी। वे अपने को क्रेडिट देने से बचते हैं। सिर्फ इतना कहते हैं कि हमने जो किया वह हमारा फर्ज था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 100 करोड़ कोरोना टीकों के लक्ष्य को हासिल करने के दौरान आरएमएल पहुंचे थे। उन्होंने तब यहां डॉ.राजीव सूद और बाकी कोरोना वारियर्स से मुलाकात भी की थी। शंटी और डॉ. सूद का तो हमने यहां पर उदाहरण दे दिया। ये कोई करोड़पति नहीं हैं। इन दोनों की तरह से देशभर में सैकड़ों लोग निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। ये तब भी सक्रिय थे जब सारा देश कोरोना के कारण त्राहि-त्राहि कर रहा था। ये अब भी एक्टिव हैं। पर इन्हें पहचान नहीं मिलती जिसके ये हकदार हैं। दरअसल देश-दुनिया में आर्थिक उदारीकरण के बाद पैसे को महत्व बढ़ता ही जा रहा है। पैसा जरूरी है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। पर क्या पैसा मनुष्यता से भी बड़ा हो गया ? नहीं ना। मैं बहुत सारे धनकुबेरों को जानता हूं जो लोक कल्याण कार्यों में अठन्नी भी नहीं देते। उन्हें तो सिर्फ अपने से सरोकार है। वे सपरिवार किसी रेस्तरां में बैठकर डिनर करने में हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। पर वे अपने आसपास की किसी लाइब्रेयरी को पचास रुपये भी दान नहीं देते। ये निर्धन परिवारों के बच्चों को किताबें मुफ्त देने की भी जरूरत महसूस नहीं करते। इन्हें लगता है कि सालाना टैक्स अदा करके ये अपने देश के प्रति दायित्व का निर्वाह कर लेते हैं। ये सोच सही नहीं मानी जा सकती है। मैं तो उन्हें भी बहुत सम्मान देता हूं जो सुबह-शाम अस्पतालों के बाहर मरीजों और उनके परिवार वालों को भोजन करवा रहे होते हैं। ये फरिश्ते बिना किसी लाभ के दुखी का सहारा बन रहे होते हैं। दीन-हीन का साथ देने के लिए हमेशा कोई बहुत पैसा वाला होना जरूरी नहीं होता। आपको हरेक शहर में इस तरह के कुछ अध्यापक मिल जायेंगे जो निर्धन परिवार के बच्चों को पढ़ा रहे होते हैं। ये वक्त का ताकाजा है कि हमारा समाज सिर्फ उन लोगों को ही महत्व ना दे जो मोटा पैसा कमा चुके हैं। अगर धनी इंसान शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी अपने धन का कुछ हिस्सा दे रहा है तो उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। तुलसीदास, कबीर, बाबा नानक के दौर में भी भारत में धनी लोग और अलग-अलग राजा थे। उन्हें कौन याद करता है। पर इन संतों के प्रति हरेक भारतीय के मन में आदर का भाव है। हजरत निजामउद्दीन औलिया को दिल्ली अपना मानती है। वे दिल्ली से से बेपनाह मोहब्बत किया करते थे। इसलिए उनके दर पर हमेशा रौनक रहती है। जब निजामउदीन औलिया यहां पर रहते थे तो गयासुद्दीन तुगलक का दिल्ली पर राज था। वह उनसे जला-भूना रहता था। इसकी वजह ये थी कि निजामउदीन औलिया साहब उसके पास जाकर हाजिरी नहीं बजाते थे। तुगलक को पसंद नहीं थी निजामउद्दीन औलिया साहब की लोकप्रियता। उसी समय उसके किले का निर्माण हो रहा था। किले के निर्माण में जुटे मजदूर रात में निजामउद्दीन में एक बावड़ी के निर्माण में काम करते। इससे नाराज तुगलक ने मिट्टी के तेल की सप्लाई रोक दी।

# कर्नाटक के नतीजे नहीं लिखेंगे 2024 की नई गाथा

वर्षा भम्भाणी मिर्जा



**पांच** राज्यों में जहां साल के अंत में चुनाव होने हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस हल्के लाभ में नजर आती है। मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार के साथ बिजली-पानी की समस्या शहरों में भी है। लाड़ली बहन योजना में 1500 रुपए चुनाव से ठीक पहले पाने के लिए रिकॉर्ड रजिस्ट्रेशन हुए हैं। सरकार को जब कोई चीज पहुंचानी होती है तब उसकी मुस्तैदी देखी जा सकती है। यह बहुत अजीब था कि जिस दिन कर्नाटक की जनता मतदान करने जा रही थी, ठीक उसी दिन राजस्थान में कांग्रेस के बागी नेता खम ठोंक रहे थे। कभी प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष और पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे सचिन पायलट ने अपने ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। उन्होंने सीएम के लिए कहा कि इनकी राजनीति पैसों के दम पर चलती है, इनकी नेता सोनिया गांधी नहीं बल्कि वसुंधरा राजे सिंधिया हैं। तभी ये मेरे कहने के बावजूद वसुंधरा सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच नहीं कर रहे हैं। पायलट ने राजस्थान लोक सेवा आयोग को भंग किये जाने की मांग की जो एक संवैधानिक इकाई है। अपनी ही सरकार के खिलाफ अजमेर से जयपुर की पदयात्रा निकाली। इससे पहले गहलोत कह चुके थे कि सचिन के नेतृत्व में विधायक दस-बीस करोड़ रूपए ले चुके हैं और उनकी सरकार बचाने में वसुंधरा राजे सिंधिया का योगदान है। पायलट को 'निकम्मा' और 'नालायक' सम्बोधन वे पहले ही दे चुके हैं। पायलट अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना और प्रदर्शन सब कर चुके हैं। कर्नाटक में मतदान के दिन वे अपने पंद्रह विधायकों के साथ अपनी ताकत दिखा रहे थे जिनमें सरकार के तीन मंत्री थे। अब सवाल यह उठता है कि सड़क पर आ चुके इस घमासान को कांग्रेस क्यों नहीं सुलझा पाती? अगर कोई आलाकमान है तो वह इतना लाचार क्यों है? सीधी सी बात है कि जनता ने विधायक चुने और विधायकों ने अपना नेता चुन लिया। यही लोकतंत्र भी होता लेकिन पता नहीं कौन से वादे और क्या गणित पार्टी के भीतर काम करता है कि कर्नाटक में बड़ी जीत का जश्न भी तमाशे सा ही नजर आया। कर्नाटक के दो बड़े नेताओं में भी कांग्रेस इसी उलझन की शिकार मालूम होती है। पहले-पहल यह राजस्थान में भी एक दरार थी लेकिन अब बड़ी खाई में बदल चुकी है। राजस्थान में अब कांग्रेस के विपक्ष में भारतीय जनता पार्टी नहीं बल्कि सचिन पायलट हैं और कांग्रेस के तमाम बड़े नेता और आलाकमान टुकुर-टुकुर देखते रहने के लिए बाध्य। राजस्थान में दो साल से यह कीचड़ एक दूसरे पर फेंका जा रहा है और पायलट पक्ष में होकर भी विपक्ष का विमान उड़ा रहे हैं। इधर कर्नाटक की जनता ने तो अपना दिल ही निकाल कर कांग्रेस की झोली में डाल दिया है लेकिन उसने अपना नेता चुनने में जनता की परीक्षा ले ली। ऊपर से तर्क यह है कि बड़ा जनादेश है, सोच-समझकर फैसले लिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को सीएम बनाने से पहले क्या भाजपा ने दस दिन नहीं लिए थे? हमारी सरकार का गठन मंथन के बाद होगा। यह भी बड़ा दिलचस्प है इस पार्टी में कि राज्य के नेता दिल्ली तलब कर लिए जाते हैं और फिर कभी ये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिलते हैं तो कभी राहुल गांधी को और फिर राहुल गांधी खड़गे को। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दोनों को राजी रखने की चाहत के बीच भोंपू मीडिया खूब मजे ले रहा है। वह कहने लगा है कि कांग्रेस इतने बड़े जनादेश को संभाल नहीं पा रही है। यूं सिद्धारमैया के पक्ष में ज्यादा विधायक बताए जाते हैं। वे पांच साल तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे हैं और अच्छे प्रशासक माने जाते हैं। शिवकुमार को शेष भारत की जनता ने कांग्रेस की सरकारें टूटने और तोड़ने से बचाने के लिए लड़ते-भिड़ते देखा है। आज की सियासत सड़क की बजाय जिस 'रिसोर्ट पॉलिटिक्स' में पड़ गई है उसमें शिवकुमार माहिर माने जाते हैं। वे संकट मोचक भी कहे जाते हैं। लोकतंत्र के इस दौर में यह दुविधा काफी देखी गई है कि सरकार केवल मतदान से नहीं बल्कि विधायकों को बाड़े में बंद कर, ईडी, सीबीआई,आईटी के दबाव और नए-नए प्रलोभनों के साथ बचाई और बनाई जाती हैं। मतदाता सर्वशक्तिमान होकर भी सियासत के इस खेल का केवल एक मोहरा बनकर रह जाता है। अच्छी बात यह है कि इस बार कर्नाटक में जनता ने इसकी कोई गुंजाईश नहीं रखी है। बेहद शांतिपूर्वक और इतना ज्यादा मतदान किया तथा एक भी पोलिंग बूथ पर दोबारा मतदान की कोई शिकायत नहीं मिली। कांग्रेस की जीत में बोम्मई सरकार के प्रति आक्रोश और उनके पांच वादों ने आम जनता को काफी प्रभावित किया। कांग्रेस की पांच गारंटी योजनाओं में जनता को भरोसा हुआ जिसमें महिलाओं को हर माह दो हजार रूपए, बेरोजगार स्नातक को तीन हजार और डिप्लोमाधारी को डेढ़ हजार रुपए, गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वालों को हर माह दस किलो चावल,महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा और हर परिवार को हर महीने 200 यूनिट बिजली फ्री देने की बात थी। सिद्धारमैया जब मुख्यमंत्री (2013-18) थे तब उनकी अन्न भाग्य स्कीम के तहत सात किलो चावल दिया जाता था जिसे बाद में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने चार किलो में तब्दील कर दिया था। इसके अलावा कांग्रेस ने 40 प्रतिशत कमीशन खाने वाली सरकार के खिलाफ अभियान चलाते हुए 'पे सीएम' स्लोगन के पोस्टर चिपकाए। पोस्टर चिपकाते हुए जब कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार होने लगे तब सिद्धारमैया और शिवकुमार खुद सड़कों पर उतरे। इसके अलावा दोनों ने बातचीत के वीडिओ भी जारी किये जो ये संदेश दे रहे थे कि हमारे बीच सब ठीक है। भारत जोड़ो यात्रा में भी दोनों नेताओं को राहुल गांधी ने एक साथ दौड़ाया था। अब अगर जो कर्नाटक की राह भी राजस्थान सी हुई तो जिन पांच राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, कांग्रेस के लिए खासी मुश्किलें आ सकती हैं। राजस्थान में अशोक गहलोत स्वास्थ्य, बिजली और महंगाई से राहत की तमाम योजनाएं ला रहे हैं लेकिन दो नेताओं की लड़ाई में सब पर पानी फिर रहा है। माना कि कर्नाटक में फैसला लेने से पहले दूध की जली कांग्रेस छाछ को भी फूंक-फूंक कर पी रही है लेकिन कहीं छाछ कसैली ही न हो जाए। पांच राज्यों में जहां साल के अंत में चुनाव होने हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस हल्के लाभ में नजर आती है। मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार के साथ बिजली-पानी की समस्या शहरों में भी है। लाड़ली बहन योजना में 1500 रुपए चुनाव से ठीक पहले पाने के लिए रिकॉर्ड रजिस्ट्रेशन हुए हैं। सरकार को जब कोई चीज पहुंचानी होती है तब उसकी मुस्तैदी देखी जा सकती है। कांग्रेस की वापसी हो सकती है क्योंकि एक तबके को लगता है कि कमलनाथ सरकार ठीक चल रही थी लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया बागी हो गए। राजस्थान में सचिन अभी गए नहीं हैं। वे आंध्रप्रदेश के जगन रेड्डी की तरह अपनी ही सरकार के खिलाफ मुद्दे उठाकर सत्ता में आने की रणनीति बना रहे हैं। बहरहाल, तेलंगाना में भारतीय राष्ट्र समिति के चंद्रशेखर राव पिछले दो बार से सीएम हैं। कांग्रेस दूसरे और भाजपा तीसरे नंबर की पार्टी है। मिजोरम में मीजो नेशनल फ्रंट की सत्ता है जहां 40 विधानसभा सीटें हैं। यहां भी कांग्रेस दूसरे और भाजपा तीसरे नंबर का दल है। देखा जाए तो इन पांच राज्यों में कांग्रेस की स्थिति भाजपा से बेहतर है लेकिन कर्नाटक के नतीजे 2024 में नरेंद्र मोदी को भी चुनौती दे पाएंगे? इसका जवाब फिलहाल नहीं होगा क्योंकि राज्य का चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जाता है और आम चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर। बेशक मोदी ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक का चुनाव इससे उलट करते हुए अपने चेहरे पर लड़ा जो सीटों में तब्दील नहीं हुआ लेकिन उसने अपना 36 फीसदी का वोट शेयर बनाए रखा है। नतीजों में कांग्रेस को मिली 135 सीटों ने जरूर नफरत के एजेंडे को धूल चटाई है । प्रधानमंत्री ने बजरंगबली को बजरंग दल से जोड़ दिया लेकिन अंजनी पुत्र हनुमान की कृपा कांग्रेस पर हो गई और उसे संजीवनी बूटी भी मिल गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान कि कांग्रेस सत्ता में आई तो कर्नाटक दंगों की चपेट में रहेगा, तो भी जनता ने इस बात को कोई तवज्जो नहीं दी।

# पत्नी ही कुलनाम क्यों बदले ? अब पति भी तो कुछ सुधरें

के. विक्रम राव





**आदिवासी** इलाका मेघालय तथा अत्याधुनिक अमेरिका में एक नए समान प्रचलन ने हलचल मचा दी है। स्वागतयोग्य है। अब संतान को मां के कुलनाम से जाना जाएगा। अमेरिका में तो पति भी पत्नी का कुलनाम अपने नाम में जोड़ रहे हैं। समरसता को बोध हो रहा है। मेघालय से तो गत सप्ताह की खबर बड़ी मनभावनी है। खासी जनजाति परिषद ने निर्णय किया है कि मां के नाम से ही शिशु जाना जाएगा। तभी मान्य प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। अब दो अन्य जनजातियों गारों तथा जैंतिया भी इसी का अनुमोदन करेंगी। इसे अपनाएंगी। हालांकि मेघालय की वायस ऑफ पीपुल्स पार्टी (वीपीपी) के अध्यक्ष विधायक आर्डेन्ट मिल्लर वसईमोइट ने इस परिपाटी का विरोध किया है। उन्होंने मांग की कि पिता का ही नाम संतान को मिले।

फिलवक्त यहां पर अमेरिका की ही चर्चा हो जहां बड़ी तेजी से हजारों पुरुष अपनी पत्नी का कुलनाम स्वयं अपना रहे हैं। उनका मानना है कि इससे दांपत्य स्नेह में वृद्धि हो रही है। स्निग्धता पनप रही है। कईयों का विश्वास है कि इससे पत्नियों का भरोसा उन्हें भरपूर मिला है। एक अनुमान में पता चला है कि पुरुषों के परिवार वालों ने इस चलन का विरोध किया है। कारण ? पति के कुटुंब की पहचान मिट जाएगी। पश्चिमी समाज में मूलतः भारतीय कुटुंबों की प्रथाओं से कोई अलग नहीं है। फिर भी सर्वेक्षण के विश्लेषण मिल रहे हैं कि परिवार में सौहर्द्र बढ़ा है। अब पत्नी/मां का महत्व दुगुना हो गया है। बहु-प्रसारित दैनिक न्यूयॉर्क टाइम्स में संवाददाता सुश्री रूशेल साइमन की पड़ताल पर आधारित रपट काफी दिलचस्प है। रुशेल लिखती हैं कि : फिलाडेल्फिया के 27 साल के जेसन क्रेमर का कहना है कि वह बचपन से ही अपने नाम जेसन के आगे हेइटलर क्लेवांस सरनेम लगाते रहे हैं। जब मेरी शादी हेलेन क्रेमर से तय हुई तो मुझे लगा कि क्यों न पत्नी का सरनेम अपनाया जाए। ऐसा कर मैंने परिवार वालों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि शादी को लेकर मैं इतना गंभीर हूं। इतना ही नहीं, मैं यह भी बताना चाहता था कि हेलेन के लिए मैं ताउम्र समर्पित रहूंगा। मेरे लिए मेरा सरनेम नहीं, बल्कि हेलेन का प्यार ज्यादा अहम है। मैनहट्टन के 43 साल के जोसेफ वेलेंटाइन कहते हैं कि मैंने पत्नी का टेल का (अंत का) वैलेंटाइन वाला सरनेम सिर्फ इसलिए अपनाया क्योंकि यह सुनने में बहुत अच्छा लगता था। मैं अपने पिता से कभी नहीं मिला। वह चेक रिपब्लिक के थे। मुझे मां ने पाल-पोस कर बड़ा किया। पिता का सरनेम ग्राज्नर था जो बोलने में आसान नहीं था इसीलिए मैंने अपना नाम सरनेम वैलेंटाइन रख लिया। मैसाच्युसेट्स के 33-वर्षीय साइंस टीचर नाथन शुलमन ने अपनी पत्नी अमायरा शुलमन का सरनेम अपनाया है। कारण अमायरा की सारी बहनों ने अपने पति का सरनेम अपनाया था। अमायरा भी चाहती थी कि नाथन उनका सरनेम अपनाएं। भारत में पुरुष-सतात्मक समाज के दबाव के कारण अमूमन पत्नी अपने पति को कुलनाम ही शादी के बाद अपना लेती हैं। मराठी परिवारों में तो प्रथा ज्यादा कहीं दूर तक जाती है। वधु का पूरा नाम ही बदल दिया जाता है। मगर हाल ही में यह कमतर होता जा रहा है क्योंकि नौकरीपेशावाली महिलाओं को कानूनी संकट का सामना पेश आ रहा है। समानता के इस युग में प्रश्न भारी पड़ रहा है कि पति भी क्यों न अपना कुलनाम बदल लें ? बीबी ही क्यों ? इस नियम का आधारभूत यही कारण है कि पत्नी के ससुराल वाले इसे अपनी तौहीन मानते हैं। हीनता भी। कानून तो नहीं है, पर पुरानी परंपरा तो है ही, पालन हेतु। यूं सभ्यता के विकास के बावजूद लैंगिक प्रभाव और वर्चस्व अभी घटा नहीं है। कारण यही है कि कुटुंब का मुखिया पुरुष होता है जिसके शैक्षणिक तथा वित्तीय कारणों का रुतबा है पति क्यों जोरू-दास कहलाए ?

एक समझौते के तहत यह चलन भी देखा गया है कि कुछ युगल ने दोनों उपनाम के दरम्यान हल्की सी लघु रेखा खींचकर दोनों कुटुम्बों को जोड़कर एक नूतन प्रयोग किया है। इससे संतुलन और सामंजस्य बन भी जाते हैं। मगर नाम लंबा हो जाता है। आमतौर पर पत्नियों ने इस शैली को पसंद किया क्योंकि यह डबल इंजन जैसा हो जाता है। खासकर संतान को माता-पिता के दोनों कुलों की पहचान से लाभ होता है। मसलन कोई द्विवेदी युवती किसी चतुर्वेदी युवक से शादी कर ले तो छः वेदों के ज्ञान का दावा शायद कर पाएगी। हालांकि वेद केवल चार ही हैं। तो उपनिषदों को भी समाहित कर लेगी। टाइम्स ऑफ इंडिया में हमारे एक साथी हैं, प्रख्यात अर्थशास्त्री भी। तमिल विप्र हैं मगर पाणिग्रहण हुआ है एक अग्नि-उपासक पारसी अंकलेसरिया परिवार में। वे तो अपना पूरा नाम लिखते हैं : स्वामीनाथन एस. अंकलेसरिया अय्यर। यूं यह डबल कालम तक फैल जाता है। लखनऊ के एक कम्युनिस्ट ट्रेड यूनियन नेता और नाटककार हैं राकेश। उनका विवाह हुआ है तमिल वैष्णव अय्यंगार रामानुजम परिवार की युवती से। अतः वे लिखते हैं राकेश-वेदा। बड़ा भला और प्रगतिशील लगता है। अर्थात केवल नारी ही नाम क्यों बदले ? क्यों अपना कुल छोड़े ? राकेश ने क्रांतिकारी कदम उठाया है।

एक गमनीय संशोधन जो विवाह निमंत्रण कार्डों पर आजकल दिखता है उसमे वधू के पितामह-पितामही के साथ नाना-नानी का नाम भी लिखा जाने लगा है। वर की भांति। अब पति पर दारोमदार है कि वह कितना आगे देखू बनता है ? कितना प्रगतिशील है ? निजी उल्लेख एक पुछल्ले के तौर पर कर दूं। मेरी पत्नी के नाम डा. सी. सुधा, पुत्री स्व. प्रोफेसर सी.जी. (कडुवेटी गुरुसुब्रमण्यम) विश्वनाथन था। मगर मेरे चारों साले अंत में राव ही कुलनाम लिखते हैं। तो मेरी पत्नी ने बड़ी खुशी से राव अपने नाम में जोड़ लिया। अतः वह भी अपने सहोदरों की भांति राव बन गई। मुझे तनिक भी जोड़-घटाना नहीं करना पड़ा।

# रिजिजू की लक्ष्मण रेखा !

ऋषभदेव शर्मा

**न्यायपालिका** को गाहे बगाहे संविधान की लक्ष्मण रेखा न लाँघने का उपदेश देने के लिए बहुचर्चित केंद्रीय कानून मंत्री रहे किरेन रिजिजू से कानून मंत्रालय ले लिया गया है। अब से वे भू विज्ञान मंत्रालय की बागडोर सँभालेंगे। रिजिजू की जगह अब अर्जुन राम मेघवाल कानून मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार देखेंगे यानी अब से कानून मंत्रालय प्रकारांतर से सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में रहेगा। जगजाहिर है कि किरेन रिजिजू काफी समय से लगातार न्यायपालिका पर प्रतिकूल टिप्पणियों को लेकर विपक्ष के निशाने पर थे। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की कॉलेजियम व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा था कि जजों की नियुक्ति का कॉलेजियम सिस्टम गैर-संवैधानिक है। उन्होंने कहा था कि कॉलेजियम सिस्टम में कई खामियाँ हैं और लोग इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के एक पूर्व जज का यह बयान भी शेयर किया था कि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान को हाइजैक कर लिया है तथा सुप्रीम कोर्ट में जनता का चुना हुआ प्रतिनिधित्व हो तो ही जनता को न्याय मिल सकता है। इस तरह सार्वजनिक मंचों से न्यायपालिका और न्यायाधीशों पर लगातार वाग्वाण चला कर रिजिजू ने न्यायपालिका और सरकार के बीच की दूरियाँ बढ़ाने का काम किया। दीश में ऐसा वातावरण बन गया मानो न्यायपालिका और सरकार परस्पर शत्रु हों। उनके बयानों के सहारे यह सिद्ध करने की कोशिशें भी हुई कि सरकार न्यायपालिका को अपनी मुट्ठी में रखना चाहती है! भला सरकार चुनाव के वर्ष में ऐसा विवाद क्यों चाहेगी? यही नहीं, कानून मंत्री रहते हुए किरेन रिजिजू ने रिटायर्ड जजों और ऐक्टिविस्टों को 'भारत विरोधी गिरोह' का हिस्सा तक कह डाला! उनके इस बयान पर 300 से ज्यादा वकीलों ने नाराजगी जताई थी। सयानों की मानें तो प्रधानमंत्री कार्यालय ने बारीकी से रिजिजू के बयानों, विपक्ष के आरोपों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में छपी खबरों की समीक्षा की, जिसके तीन दिन बाद रिजिजू को कानून मंत्रालय से मुक्ति मिल गई! यानी सरकार ने विवाद की जड़ को ही खोद डाला!

आम समझ हालाँकि यह है कि किरेन रिजिजू बतौर कानून मंत्री जो भी विवादास्पद बयान देते रहे, उन्हें प्रधानमंत्री का परोक्ष समर्थन रहा होगा। लेकिन शायद उन बयानों पर मिले विपरीत फीडबैक की उपेक्षा करना अब आगामी विधानसभाओं और लोकसभा के चुनावों के मद्देनजर नुकसानदेह प्रतीत होने लगा होगा। इसलिए उनका मंत्रालय बदलना अपरिहार्य लगा होगा। कोई चाहे तो इसे सरकार की लोकतांत्रिक छवि के पुनरुद्धार के लिए कानून मंत्री को बलि का बकरा बनाना भी कह ले! लेकिन हो यह भी सकता है कि अप्रैल 2024 में होने जा रहे अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें खाली किया गया हो। क्योंकि हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की पराजय की कहानी को भारतीय जनता पार्टी अरुणाचल में नहीं दोहराना चाहेगी। अर्जुन राम मेघवाल को अतिरिक्त जिम्मेदारी देने के पीछे भी राजस्थान के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखा गया होगा। ताकि मतदाता को लगे कि उसके राज्य को सरकार में अहमियत मिल रही है। इसे भी नहीं भूला जा सकता कि मेघवाल अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं। सयाने बता रहे हैं कि राजस्थान में कुल जनसंख्या में अनुसूचित जातियों की 18-19 प्रतिशत हिस्सेदारी है और विधानसभा की 52 सीटों पर इनका प्रभाव है। याद रहे कि राजस्थान में अनुसूचित जातियों में सबसे ज्यादा मेघवाल हैं। इसलिए अर्जुन राम मेघवाल को महत्व देना अहम रणनीतिक कदम है। इसी तरह अरुणाचल प्रदेश का तो सारा दारोमदार अनुसूचित जनजातियों पर ही है। इसलिए इस वक़्त केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं कर सकती। यही वजह है कि रिजिजू का मंत्रालय भर बदला गया है, दर्जा कतई नहीं घटाया गया।

यानी, जो भी फेरबदल हो रहा है, उसका मुख्य लक्ष्य आगामी चुनाव ही प्रतीत होते हैं। तो भी, बढ़ चढ़ कर बोलना भी रिजिजू के मान मर्दन का एक कारण तो माना जाएगाही।

# प्रखर संपादक शीतला सिंह की विरासत प्रेरक बनी

सात्यकी चक्रवर्ती

**कई** वर्षों तक उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष रहे। पत्रकारों और स्वतंत्र मीडिया के लिए प्रतिबद्ध शीतला सिंह ने श्रम संगठनों के एवं उनकी गतिविधियों में मूल्यों को बनाए रखने में दुर्लभ साहस और दृढ़ विश्वास दिखाया। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के चार बार सदस्य के रूप में, उन्होंने पत्रकारों के लिए झंडा ऊंचा रखने के लिए एक बड़ा नाम कमाया था। शीतला सिंह, जिन्होंने 1958 में फैजाबाद में हिंदी दैनिक जन मोर्चा की स्थापना की, और जिन्होंने पिछले 65 वर्षों से इसे वास्तविक जन समाचार पत्र में बदल दिया, उनका गत मंगलवार को निधन हो गया। वे 96 वर्ष के थे और अंत तक अपने संपादकीय दायित्वों में सक्रिय रहे। उनके निधन पर देश भर में सभी भाषाओं के पत्रकार शोक व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि उन्हें एक पत्रकार संघ नेता के रूप में भी जाना जाता था जिन्होंने मीडियाकर्मियों के वेतन और अधिकारों में सुधार के लिए बहुत कुछ किया। शीतला सिंह 1950 के दशक में उत्तर प्रदेश में एक सक्रिय भाकपा कार्यकर्ता थे, जिनकी ट्रेड यूनियन गतिविधियों और समाचार लेखन दोनों में बड़ी रुचि थी। 1968 में अपने साथी हरगोविंद के साथ उन्होंने अपने स्वयं के अल्प संसाधनों के साथ हिंदी दैनिक जन मोर्चा की स्थापना की। दोनों संस्थापक उच्च विश्वसनीयता और संपादकीय मामलों के अच्छे मानक के साथ दैनिक समाचार पत्र को लोकप्रिय समाचार पत्र में बदलने के लिए उत्साह और जुनून के साथ पूरा समय समर्पित करते रहे। ऐसे समय में, जब उस समय यूपी में समाचार पत्र व्यापारिक घरानों, राजनेताओं और राज्य सरकार से वित्तीय सहायता मांग रहे थे, सिंह अपने दम पर खड़े हुए और अपनी अडिग स्थिति के आधार पर दैनिक चलाया। जनमोर्चा अपने आप में पैसा कमाने के लिए अखबार से ज्यादा एक मिशन था। यह सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए लोगों का मंच था। दैनिक ने आम आदमी के मुद्दों और अधिकारों का बचाव किया। इस दैनिक को खड़ा करने में शीतला सिंह और हरगोविंद ने राज्य के आम लोगों, विशेष रूप से भूमिहीन श्रमिकों, अल्पसंख्यकों और दलितों की हर वास्तविक मांगों के लिए झंडा बुलंद किया। संबंधित लोगों की शिकायतें सुनने के लिए उनका कमरा हमेशा सुलभ रहता था।

## सीओ मऊ ने परिक्रमा में बिछड़े बालक को परिजनों से मिलाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर ऑपरेशन मुस्कान में सीओ मऊ राजकमल ने परिक्रमा दौरान परिजनों से बिछड़े सात वर्षीय बालक निशांत को परिजनों के सुपुर्द किया।

शुक्रवार को सीओ मऊ राजकमल परिक्रमा मार्ग चैकी के पास मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चेक कर रहे थे। सात वर्षीय बालक निशांत उन्हें मिला। जो अपने माता-पिता से बिछड़ गया था। अकेला परिक्रमा मार्ग पर भटक रहा था। सीओ मऊ ने अमावस्या ड्यूटी में तैनात एंटी रोमियों टीम से तत्काल बालक के परिजनों को खोजना शुरू किया। तीस मिनट के प्रयास के बाद निशांत के पिता सुनील कुमार पुत्र रामविशाल यादव निवासी मिटकी थाना हसवा जिला फतेहपुर मिल गये। बालक को उनके सुपुर्द किया। परिजनों ने बताया कि वे फतेहपुर से परिक्रमा लगाने आये थे। जानकारी नहीं हो पायी कि बालक बिछड़ गया है। पुलिस की सक्रियता के लिये निशांत के परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

## दो वारंटी को पुलिस ने दबोचा



**अखंड भारत संदेश**


**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में रैपुरा थाने के दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने एससी/एसटी एक्ट व मारपीट मामले के वारंटी प्रेमचन्द्र, शिवचन्द्र उर्फ राजा पुत्र रामखेलावन निवासी अगरहुण्डा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही नंदलाल, सिपाही अजीत यादव शामिल रहे।

## अप्रैल माह का सफाई कर्मियों का रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के मद्देनजर 31 मार्च के पंचायतवार टोली में निर्धारित तिथियों में ड्यूटी लगाये जाने के बाद भी सफाई कर्मी हीरालाल मनगवां, रामराज अहिरा, कुलदीप रुकमा खुर्द, संजय यादव उडकी माफी, जगतपाल मडैयन, मनोज पासवान छेरिहा खुर्द, सत्येंद्र पाल, सरोज देवी रैपुरा, अशोक कुमार सुदामा देवी अरविंद कुमार चर, जगमोहन राधा देवी भौंरी, भोलिया देवी सरैया एवं मनोज कुमार जमहिली सफाई कर्मियों ने माह अप्रैल में टोली में मौजूद न होकर किसी भी गांव में साफ-सफाई का कार्य नहीं किया। इसकी सूचना सहायक विकास अधिकारी ने दी है। उपरोक्त सफाई कार्मिकों का अप्रैल माह का वेतन तत्काल प्रभाव से रोका जाता है।

## हरी नाम सुमिरन से पार हो सकती जीवन की नैया: अनुज



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के बिहारा गांव में पेरा तीर हनुमान मंदिर प्रांगण में रामेश्वर भोलेनाथ मंदिर में श्रीराम कथा गांव के भोलेराम शुक्ल जनकल्याण को करा रहे हैं। नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं श्री राम कथा अमृत महोत्सव के छठवें दिन कथा व्यास अनुज शास्त्री ने भगवान के पावन विवाह उत्सव की कथा का बखान किया।

शुक्रवार को छठवें दिन कथा का वर्णन करते हुए आचार्य अनुज शास्त्री ने बताया कि भक्ति के बिना भगवान भी अधूरे रहते हैं। अहंकार भगवान का भोजन होता है। जीवन में किसी भी प्रकार का मद पाल के नहीं बैठना चाहिए। जीवन में अभिमान किसी बात का नहीं होना चाहिए। व्यक्ति के लिए स्वाभिमान की आवश्यकता है। हर व्यक्ति को स्वाभिमानी होना चाहिए। हर समय हरी नाम सुमिरन करो यही जीवन की नैया को पार कर सकते हैं। नौ दिवसीय श्रीराम कथा में अनुज शास्त्री ने बताया कि जो व्यक्ति प्रथम दिवस कथा में आता है तो कथा के समापन दिवस तक उसके सभी प्रश्नों के उत्तर कथा से ही मिल जाते हैं। राम कथा का श्रवण करें और हर क्षण प्रभु की भक्ति करें भगवान का भजन करें। भगवान राम जीव मात्र के कल्याण के लिए अपने आचरण का जो समन्वय प्रस्तुत करते हैं। उसे अपने जीवन में धारण करें। राम कथा सुनने मात्र से कुछ नहीं होने वाला है। रामकथा सुने ही न अभी तो उसको अपने गले में धारण करें। राम कथा सुनते-सुनते जीवन में एक परिवर्तन का आना तय है। वह यह है कि आपका भी आचरण राम जी के आचरण के अनुसार होना प्रारंभ हो जाएगा। कथा में भगवान का विवाह उत्सव बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। गाजे-बाजे के साथ भगवान की झांकी और बारात भी निकली। इस मौके पर बृजेंद्र शास्त्री, शारदा प्रसाद द्विवेदी, जगदीश प्रसाद मिश्रा, मुन्ना त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, अजय पयासी, शिवम शुक्ला, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी, संतोष कुमार मिश्रा, सुनील कुमार शुक्ला, विकास कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं ने कामतानाथ में लगाई परिक्रमा

## महिलाओं ने की बरगद की पूजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ज्येष्ठ मास की बरगदी अमावस्या पर भीषण गर्मी के बाद भी लाखों श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाकर भगवान कामतानाथ के दर्शन कर परिक्रमा की। मेले की व्यवस्था को यूपी-एमपी के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। बरगदी अमावस्या पर महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजाकर फेरे लगाये।

शुक्रवारको बरगदी अमावस्या में श्रद्धालुओं का तांता सवेरे से रामघाट में उमड पडा। लाखों श्रद्धालुओं ने एक साथ डुबकी लगाकर कामतानाथ के दर्शन कर परिक्रमा लगाकर धर्मनगरी के जानकीकुण्ड, अनुसुइया आश्रम, हनुमानधारा, भरतकूप आदि के दर्शन किये। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने मेला स्थल व अन्य स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

खास तौर पर किसी भी स्थान पर



पेयजल की कमी न होने के निर्देश दिये।

सूर्य की तपिश इस कदर रही कि धूप में निकलने की किसी की हिम्मत नहीं पड रही थी। श्रद्धालुओं को परेशानी तो हुई, लेकिन जैसे-जैसे सूर्यदेव का तापमान बढा तो गर्मी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। रामघाट में श्रद्धालुओं की तादाद में कमी आने लगी। अमावस्या मेला एक बाद फिर से जाम के झाम से श्रद्धालुओं को परेशानी हुई। सबसे अधिक कर्वी-राजापुर मार्ग में समस्या का सामना करना पडा।

बरगदी अमावस्या पर महिलाओं ने बरगद की परिक्रमा लगाकर विधि-विधान से पूजापाठ कर पति व पुत्र की दीघार्यु को कामना की। ज्येष्ठ मास अमावस्या में बरगद की पूजा की परम्परा कई वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष बरगदी अमावस्या पर बरगद के पेड की पूजा कर महिलाओं ने 108 परिक्रमा लगाई।

# शहर में जहां ज्यादा विद्युत लोड है, वहां केबल का कार्य जल्द करें: डीएम

## बैठक कर शहर की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर क्रियान्वयन को डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रिसिटी कमेटी की बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार से कहा कि शहर में विद्युत की तमाम समस्याएं मिल रही हैं। गर्मी के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था निर्बाध ढंग से संचालन को लगाये संविदा कर्मी को कडे आदेश दें कि ठेकेदार मैन पावर बढ़ाकर विद्युत समस्या को ठीक कराएं। शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी दशा में जिले में विद्युत समस्या नहीं होनी चाहिए। निर्माण कार्य के कांटेक्टर से कहा कि कर्वी शहर में जहां विद्युत में अधिक लोड है, वहां केबल का कार्य पहले कराएं। अधिशासी अभियंताओं से कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष विद्युत बिल की वसूली कराएं।



अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर को निर्देश दिए कि माह के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम है, इस माह में प्रगति करें। विद्युत संयोजन कम है, इसमें भी प्रगति करें। अवैध विद्युत कटिया धारको, विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाकर रोकें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि जिन उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए थे। तहसील स्तर से जांच कराई तो ज्यादातर कनेक्शन चालू पाए गए। उपखंड अधिकारी विद्युत तथा अवर अभियंताओं की जिम्मेदारी तय करें कि अभियान के दौरान जिन लोगों के विद्युत कनेक्शन काटे जाए, जब तक बिल न जमा कर दें, तब तक न जोड़ें। जांच करने पर मौके पर विद्युत संयोजन मिला तो वे कार्यवाही करेंगे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि शहर के जिस क्षेत्र में विद्युत का अधिक लोड है, वहां अभियान चलाकर अवैध विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। विजिलेंस टीम को भी लें। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत विद्युत संयोजन तत्काल करायें। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत शहर आरएस वर्मा, राजापुर केके वर्मा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चार पीडितों को पुलिस ने वापस कराये एक लाख 55 हजार 618 रुपये

## साइबर सेल की एसपी ने की सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व जनता को राहत दिलाने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने चार पीड़ितों को एक लाख 55 हजार 618 रुपए वापस कराये हैं।

शुक्रवार को कर्वी चित्रकूट की श्रीमती सरिता देवी ने शिकायत की थी कि अज्ञात लोगों ने उसके खाते से धोखाधड़ी कर 81618 रुपये निकाल लिये हैं। गोबरिया शिवरामपुर के अंकित ने शिकायत की थी कि अज्ञात लोगों ने धोखाधड़ी ये खाते 30 हजार रुपये निकाल लिये हैं।

खोही के आशुतोष शिकायत की थी कि अज्ञात लोगों ने उसके खाते से धोखाधड़ी कर बीस हजार रुपये निकाल लिये हैं। सीतापुर के संतोष ने शिकायत की थी कि अज्ञात लोगों ने उसके खाते से धोखाधड़ी कर 24 हजार रुपये निकाल लिये हैं।

साइबर सेल ने प्रयास कर सभी चारों पीडितों को शत-प्रतिशत धनराशि वापस कराई हैं। पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपाही सर्वेश कुमार, सिपाही हरिशचन्द्र अहिरवार, सिपाही प्रशांत कुमार के कार्यों की सराहना की है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि गूगल पर किसी भी कम्पनी या बैंक का कस्टमर केयर नम्बर ढूढने में बेहद सावधानी बरते। प्राप्त नम्बरो पर भरोसा न करें। अपनी व्यक्तिगत व बैंकिग सम्बन्धी जानकारी किसी से भी साझा न करे। एनीडेस्क, टीम व्यूअर आदि रिमोट एक्सेस साफ्टवेयर का प्रयोग बेहद सावधानी से करें। इससे साइबर अपराधियों को धोखाधड़ी का मौका नहीं मिलेगा। फोन पर कभी किसी प्रकार के लुभावने ऑफर लेने को अपने बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी सम्बन्धी जानकारी शेयर न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन पर पैसे भेजने की बात कहे तो सोच समझ कर ही लेन-देन करें। राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर तुरंत कॉल करें।

# अग्नि पीडितों को राहत सामग्री बांटने की लगी होड

## जिपं अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख समेत गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी ने बांटी राहत सामग्री





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पहाडी थाना क्षेत्र के बक्टा बुजुर्ग गांव के यादव मुस्लिम पुरवा में अग्नि पीडितों को राहत सामग्री बांटने की होड लग गई है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष/सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली के साथ पीडितों को राहत सामग्री बांटी तो जिला पंचायत अध्यक्ष/भाजपा नेता अशोक जाटव व ब्लाक प्रमुख/भाजपा नेता सुशील द्विवेदी ने भी भाजपा नेता पंकज अग्रवाल के साथ राहत सामग्री का पुलिंदा पीडितों के लिए खोल दिया।

शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी व भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने अग्नि पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री बांटी। बुधवार की दोपहर इन परिवारों के घरों में अग्निकांड से घर गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। लोगों ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से चिंगारी उठते ही कब आग ने विकराल रूप धारण कर लिया इसका किसी को कुछ पता नही लगा। उजड़े परिवारों की सूचना जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव को मिली तो सहयोगियों के साथ व्यक्तिगत धनराशि देने पहुंच गए। मदद सामग्री मे छाया के लिए तिरपाल, भोजन को फल, सब्जियां, आटा आदि सामग्री बांटी। इन परिवारों के पास तन ढकने को कपडे भी नहीं बचे। ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने गांव के कोटेदार से राशन सामग्री बांटने की जानकारी ली। निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों को समय से राशन सामग्री दी जाये। जले घर फिर से बन सके, इसके लिए पंचायत मित्र से प्रधानमंत्री आवास की सूची की जानकारी ली। निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों का नाम प्राथमिकता से दर्ज कर उच्च स्तरीय प्रशासन को बतायें, ताकि घर फिर से बन सके। ग्राम सचिव आदि जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी को निर्देश दिए कि मदद के कार्य मे सक्रियता दिखायें।

इसी क्रम में गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ने पीडित परिवार को खाद्य सामग्री बांटी। सामग्री में दस किलो आलू, 25 किलो आटा, पांच किलो प्याज-धनिया, दाल, मिर्च, हल्दी, सब्जी मशाला, तेल, चटाई, बाल्टी, चावल, बर्तन आदि शामिल रहे। उनके साथ मुफ्ती सलाहुद्दीन साहब हाजी अफसर उल्ला खां, हाजी अख्तर फराज, हाजी हैदर अली, शहंशाह खान उर्फ सिन्नी भाई, इरफान उल्ला, दिलीप कुमार, शेर अली व सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव तथा सपा नेता गुलाब खान, राजा यादव आदि शामिल रहे।

## सभी गांवों में गठित करें मत्स्य एवं दुग्ध समितियां: डीएम, शासन के निर्देश पर पहल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक में कहा कि सहकारिता मंत्रालय व प्रमुख सचिव सहकारिता उप्र शासन से निर्गत निदेशों के अनुरूप सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की गरज से जिले स्तर पर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी का गठन किया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों को सहकारिता मत्स्य एवं दुग्ध विकास की समितियों से आच्छादित किया जाएगा।

शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ये व्यवस्था पहले न्याय पंचायत स्तर पर सहकारिता विभाग की समितियां बनाई गई थी। अब सभी ग्राम पंचायतों पर सहकारिता मत्स्य व दुग्ध विकास की समितियों का गठन कराया जाएगा। वहां पर बैंकिंग सुविधा ग्राम स्तर पर उपलब्ध होगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक ही कैंपस में यह समितियों का गठन कर संचालित होगी। जिलाधिकारी ने सहायक निबंधक सहकारी समितियां से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में समितियों का गठन होना है, उनकी सूची बनाएं, ताकि संबंधित उप जिलाधिकारियों को सूची देकर जमीन की उपलब्धता कराई जा सके। जहां पर मत्स्य व दुग्ध उत्पादन का क्षेत्र है, वहां समितियां गठित करें। सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का गठन कर प्रत्येक गांव में तीन विभागों की समितियों में से एक विभाग की समिति बनाई जाए। सहायक निबंधक सहकारी समितियों से कहा कि अवर अभियंता के माध्यम से प्राक्कलन तैयार कराएं कि कितनी जमीन पर क्या निर्माण होगा। कार्य योजना बनाई जाए। सहायक निबंधक सहकारी समितियां नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में सहकारिता विभाग की 39 समितियां, मत्स्य विभाग की सात एवं दुग्ध विकास की 228 समितियां चल रही हैं। शेष ग्राम पंचायतों पर समितियों का गठन कराए जाने का लक्ष्य शासन से भेजा गया है। उसी अनुसार समितियों का गठन किया जाएगा।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, सहायक निबंधक सहकारी समितियां नरेंद्र सिंह, जिला सहकारी बैंक के अशोक कुमार सिंह, मत्स्य निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा, दुग्ध संघ के छोटेलाल पटेल समेत संबंधित समिति के लोग मौजूद रहे।

## विद्युत व्यवस्था धडाम, अधिकारी बजा रहे चैन की बंशी, पुरानी बाजार-कर्वी माफी में रातभर नहीं रही बिजली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमानी से उपभोक्ता हलाकान हैं। शहरी लाइनमैन ग्रामीण इलाकों में तैनात है। सचल ट्रालियां शोपीस बनकर खड़ी हैं। लाइट जाने पर जेई सबसे पहले फोन स्विच ऑफ करते हैं। मनमानी-अंधेरगर्दी चरम पर है। अधिकारी चैन की बंशी बजा रहे हैं।शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह हैं। जनता की समस्याओं से विभागीय अधिकारियों का कोई लेना-देना नहीं है। गुरूवार की रात में पुरानी बाजार, कर्वी माफी के ट्रांसफार्मर की एमसीबी खराब हो गई। पूरी तरह तकरीबन सात सौ कनेक्शन धारकों को बिना बिजली के रात गुजारनी पड़ी। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह की अगुवाई में रात में ही ट्रांसफार्मर के पास एकत्र होकर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए सवेरे आठ बजे बिजली व्यवस्था बहाल हुई। अजीत सिंह ने बताया कि विभाग की सचल ट्रालियां शोपीस बनी हैं। नगर में काम करने वाले कई लाइनमैंन ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात हैं। रात्रि ड्यूटी में कर्मचारियों की कमी है।

विभाग कोई संसाधन लाइनमैनों को नहीं देता। जुगाड़ के सहारे बिजली व्यवस्था चल रही है। प्लास, गलब्स, सीढ़ी, टार्च, वर्दी, फ्यूज वायर जैसी आवश्यक चीजें भी जुगाड़ से लाइनमैंन जुटाते हैं। खाऊ कमाउ नीतियों के चलते भीषण गर्मी में उपभोक्ता हलाकान हो रहे हैं। अधिकारी नीरो की भांति चैन की बंशी बजा रहे हैं। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के पेंच कसने और जनता को राहत दिलाने की मांग की है।

## ईडी ने नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी देवी से की पूछताछ

**नई दिल्ली। प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ की। फिलहाल, दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में उनसे पूछताछ जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, राबड़ी देवी सुबह करीब 10 बजे जांच में शामिल हुईं। ईडी का केस, मामले में सीबीआई द्वारा दायर एफआईआर पर आधारित है। सीबीआई ने पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2004-2009 की अवधि के दौरान लालू प्रसाद ने विभिन्न रेलवे जोन में ग्रुप 'डी' पदों पर भर्ती करने के बदले में अपने परिवार के सदस्यों को भूमि संपत्ति हस्तांतरित करके वित्तीय लाभ प्राप्त किया।

## रूस ने यूक्रेन पर 30 क्रूज मिसाइलें दागीं, धमाकों से थर्राया कीव, मलबे से इमारत में लगी आग

**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और ओडेसा क्षेत्र पर तड़के 30 क्रूज मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी वायु रक्षा बलों का दावा है कि इनमें से 29 को मार गिराया गया। इसके साथ ही रूस के दो बमवर्षक विमान और दो टोही ड्रोन को भी मार गिराने का दावा किया गया है। ओडेसा के सैन्य प्रशासन के प्रवक्ता सरहेई ब्रैतचक ने बताया कि एक रूसी मिसाइल क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक



औद्योगिक प्रतिष्ठान से जा टकराई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। कीव में अधिकारियों ने बताया कि रूस ने इस महीने नौवीं बार यूक्रेनी राजधानी को निशाना बनाया है। इस बार कैस्पियन क्षेत्र से बमवर्षकों ने इन क्रूज मिसाइलों से हमलों को अंजाम दिया। हमलों के बाद रूस के टोही विमानों ने यूक्रेनी राजधानी के ऊपर उड़ान भी भरी। कीव के सैन्य प्राधिकरण के प्रवक्ता सरहेई पोपको ने कहा, कीव में विस्फोट के बाद गिरे मलबे से एक इमारत में आग लग गई। अभी हताहतों की संख्या पता नहीं चली है।

## इमरान खान को राहत, दो जून तक नहीं किया जा सकेगा गिरफ्तार; लाहौर की आतंक निरोधी कोर्ट का फैसला

**काठमांडू।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत देते हुए वहां की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने उनकी गिरफ्तारी से पहले जमानत को मंजूरी दे दी है। अदालत ने इमरान को दो जून तक की राहत दी है। साथ ही 70 वर्षीय पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख को जांच के दौरान सहयोग देने का भी आदेश दिया है।

खान के खिलाफ दर्ज मामलों में एक लाहौर में कोर कमांडर हाउस पर हमला करने का मामला भी शामिल है। पत्रकारों को अदालत में संबोधित करते हुए इमरान खान ने कहा कि उन्होंने पिछले 35 वर्षों में ऐसी कार्रवाई कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा- 'ऐसा लग रहा है जैसे सभी नागरिक स्वतंत्रताएं और मौलिक अधिकार खत्म हो गए हैं, अब केवल अदालतें मानवाधिकारों की रक्षा कर रही हैं।' क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान ने यह भी कहा कि वह आखिरी गेंद तक



लड़ेगे।

अर्धसैनिक बल पाकिस्तान रेंजर्स ने आईएचसी परिसर में खान को नौ मई को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद पूरे पाकिस्तान में आशांति फैल गई थी। पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार प्रदर्शनकारियों ने रावलपिंडी में स्थित सेना के हेडक्वार्टर में धावा बोल दिया और लाहौर में एक कोर कमांडर के घर में आग लगा दी।

इस हिंसा ने पुलिस ने मरने वालों की संख्या 10 बताई ती, जबकि इमरान खान की पार्टी ने 40 लोगों के मरने का दावा किया। उन्होंने दावा किया कि सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किए गए गोलीबारी में उनके पार्टी के समर्थकों की भी मौत हुई है।

## भूकंप के झटके से कांपा प्रशांत महासागर, वानुअतु में आई सुनामी, न्यूजीलैंड में अलर्ट जारी

**वैलगिंटन।** प्रशांत महासागर में आए तेज भूकंप के झटके के बाद वानुअतु की मुश्किल बढ़ गई हैं। 7.7 तीव्रता से आए भूकंप के कारण शहर में सुनामी की स्थिति पैदा हो गई है। वानुअतु के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कार्यालय ने लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी है। उनका मानना है कि सुनामी की लहरें तेज हो सकती हैं। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र (पीटीडब्ल्यूसी) के अनुसार, फिलहाल सुनामी की लहरें कम प्रभावी थीं। 1.5 फीट से कम लहरों को लेनकेल-द्वीप राष्ट्र के एक बंदरगाह शहर में मापा गया था। वहीं, न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी का भी मानना है कि सुनामी की लहरें तेज हो सकती हैं। फिजी, किरिबाती, पापुआ न्यू गिनी, गुआम सहित अन्य प्रशांत द्वीपों में सुनामी की छोटी लहरें आने की उम्मीद जताई थी, लेकिन अब इन जगहों पर भी खतरे को देखते हुए




चेतावनी दी गई है। जानकारी के अनुसार, न्यू कैलेडोनिया के फ्रांसीसी क्षेत्र में लॉयल्टी द्वीप के दक्षिण-पूर्व में 7.7 तीव्रता के साथ भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसके साथ ही प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के देशों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी है। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन से लगभग 37 किमी (23 मील) की गहराई में था। पीटीडब्ल्यूसी ने कहा कि वानुअतु, फिजी और न्यू कैलेडोनिया के लिए संभावित सुनामी के खतरे जारी किए गए हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने कहा कि उसके पूर्वी तट से दूर लॉर्ड होवे द्वीप के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

## गाजा में फ्लैग मार्च का विरोध कर रहे फिलीस्तीनियों पर फायरिंग और दागे आंसू गैस के गोले, कई घायल

**वाशिंगटन।** गाजा पट्टी की पूर्वी सीमा पर एक विरोध प्रदर्शन के दौरान में इस्रायली पुलिस ने गोलियां चलाई और आंसू गैस के गोले छोड़े। घटना में कई फिलिस्तीनी घायल हो गए। अल जजीरा ने यह जानकारी दी। पूर्वी यरुशलम के पुराने शहर में दूर-दराज़ इस्रायलियों ने एक तथाकथित फ्लैग मार्च के बाद विरोध प्रदर्शन हुआ। सैकड़ों फिलिस्तीनियों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। यह फिलिस्तीनी गुटों द्वारा इस्रायली मार्च के जवाब में निर्धारित किया गया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान यरूशलम फ्लैग मार्च की निंदा की और अल-अक्सा मस्जिद परिसर पर इजरायली छापे को रोकने की मांग की। अल जज़ीरा के अनुसार, इजरायली अधिकारियों ने कहा कि फिलिस्तीनियों द्वारा इस्रायल और गाजा को अलग करने वाली बाड़ पर विस्फोटक फेंकने के बाद अधिकारियों ने गोलियां चलाई।

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लाम के तीसरे सबसे पवित्र स्थल अल-अक्सा मस्जिद परिसर पर इस्रायली सैनिकों के हमले के बाद अशांति फैल गई। पिछले हफ्ते, इस्रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा पट्टी में जवाबी हमले किए, जिसमें दावा किया गया कि दक्षिणी और मध्य इज़राइल में सुनाई देने वाली मिसाइल अलार्म के परिणामस्वरूप दो भूमिगत इस्लामिक जिहाद रॉकेट दागे गए। पांच दिनों की लड़ाई के बाद इस्रायल और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद किसी तरह युद्धविराम के लिए सहमत हुए। लड़ाई के दौरान कम से कम 13 नागरिकों सहित 33 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इस्राइल में रॉकेट दागे जाने से दो लोगों की मौत हो गई।

## हमले के करीब नौ महीने बाद सामने आए मशहूर लेखक सलमान रुश्दी, अमेरिका में किया गया सम्मान


**वाशिंगटन।** बुकर पुरस्कार से सम्मानित और भारतीय मूल के लेखक सलमान रुश्दी करीब नौ महीने बाद सार्वजनिक रूप से सामने आए। दरअसल, पिछले साल अगस्त में रुश्दी पर न्यूयॉर्क में चाकू से हमला किया गया था। हमलावर ने उनकी गर्दन, हाथ और पेट पर चाकू से वार किए थे। इस घटना में उनकी एक आंख की रोशनी भी चली गई। घातक हमले के बाद पहली बार वह न्यूयॉर्क शहर में पेन अमेरिका के वार्षिक समारोह में शामिल हुए।

**करेज अवार्ड से सम्मानित**

मैनहट्टन में स्थित अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री के 2023 लिटरेरी गाला में शामिल होकर 75 वर्षीय रुश्दी ने सबको चौंका दिया। दरअसल, उनके कार्यक्रम में शामिल होने की किसी भी तरह की कोई घोषणा नहीं की गई थी। इस दौरान, पेन अमेरिका ने भारत में जन्मे लेखक को पेन सेंटेनरी करेज अवार्ड से सम्मानित किया।

**मुझे खुशी है कि जिंदगी ने इस तरह मोड़ लिया**

रुश्दी ने दर्शकों की तालियों की गूंज के बीच सभी का अभिवादन किया और कहा कि वापस नहीं आने का मेरे पास विकल्प था। लेकिन मुझे वापस



आकर अच्छा लग रहा है। मुझे खुशी है कि जिंदगी ने इस तरह मोड़ लिया है। उन्होंने कहा कि पेन अमेरिका के साथ मेरा एक लंबा जुड़ाव है। मैं लेखकों के बीच वापस आकर बहुत खुश हूं।

**चाकू से किया गया था हमला-** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में पिछले साल एक कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी भाषा के मशहूर लेखक सलमान रुश्दी पर हमला किया गया था। रुश्दी पर उस समय हमला किया गया था, जब वह पश्चिमी न्यूयॉर्क में आयोजित एक कार्यक्रम में भाषण देने वाले थे। कार्यक्रम में उनका परिचय कराया जा रहा था कि तभी एक व्यक्ति मंच पर चढ़ा और रुश्दी को घूंसों से वार करने लगा। इसके बाद उसने चाकू से उन पर हमला कर दिया। रुश्दी की गर्दन पर चोट आई है। हमलावर की पहचान न्यू जर्सी निवासी 24 वर्षीय लेबनानी मूल के अमेरिकी नागरिक हादी मातर के रूप में हुई थी।

**20 सेकंड में कई वार हमला**

बताया जाता है कि हमलावर ने 20 सेकंड में कई वार किए थे। हमले की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता था कि घटना के बाद स्टेज पर काफी खून बिखरा पड़ा दिखाई दिया था। वहां मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया था। बाद में उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। हमला इतने खतरनाक तरीके से किया गया था कि लेखक को अपनी एक आंख की रोशनी खोनी पड़ी।

**आप नहीं होते तो मैं...**

मुंबई में एक कश्मीरी परिवार में पैदा हुए रुश्दी ने मंच पर मौजूद लोगों और डॉक्टरों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को हमें बढ़ावा नहीं देना चाहिए। हिंसा से हमें नहीं डरना चाहिए। संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर आप लोग नहीं होते, तो मैं निश्चित रूप से आज यहां खड़ा नहीं होता। उस दिन मैं निशाने पर था, लेकिन वे नायक थे। साहस, उस दिन सब उनका था। मैं अपने जीवन के लिए उनका एहसानमंद हूं।

वहीं, पेन अमेरिका ने एक बयान जारी कर कहा कि रुश्दी की वापसी हम सभी के लिए भावनात्मक थी।

## अमेरिका जी7 में रूस पर नए प्रतिबंधों की करेगा घोषणा, कई कंपनियों को डालेगा काली सूची में

**कैनबरा।** जब से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है तब से अमेरिका समेत कई अन्य देशों ने उस पर प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं एक अमेरिकी अधिकारी ने जापान में जी7 शिखर सम्मेलन से पहले शुक्रवार को बताया कि रूस की उन सामानों तक पहुंच को व्यापक रूप से प्रतिबंधित करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका नए प्रतिबंधों की घोषणा करेगा।

**यूक्रेन का समर्थन जारी रहेगा**

उन्होंने कहा कि इस वर्ष जी7 में से संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ मुख्य लक्ष्य होंगे, हालांकि, मुख्य ध्यान यूक्रेन के लिए साझा और निरंतर समर्थन दिखाने पर रहेगा। अमेरिकी प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि रूस को जवाबदेह ठहराने के लिए हमने कई तरह की कार्रवाइयां की हैं। इनमें निर्यात नियंत्रण जैसी कार्रवाइयां शामिल हैं।

**अमेरिका रूस की कंपनियों को डालेगा काली सूची में**

संयुक्त राज्य अमेरिका स्पष्ट रूप से रूस की लगभग 70 कंपनियों और संगठनों को काली सूची में डालने की योजना बना रहा है। आगे अधिकारी ने कहा कि हम रूस के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेंगे और निर्यात नियंत्रण का विस्तार करना जारी रखेंगे। अमेरिका द्वारा व्यक्तियों, संस्थाओं, जहाजों और विमानों के खिलाफ 300 से अधिक नए प्रतिबंधों का भी खुलासा किया जाएगा।

**आर्थिक क्षेत्रों में अपने प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाएगा अमेरिका**

इसके अतिरिक्त, अमेरिका उन रूसी आर्थिक क्षेत्रों में अपने प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाएगा जो देश के सैन्य-औद्योगिक परिसर के लिए महत्वपूर्ण हैं और रूस को अपनी सेवाओं का उपयोग करने से रोकने के लिए नए प्रतिबंध लागू करेगा। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और ओडेसा क्षेत्र पर बृहस्पतिवार को तड़के 30 क्रूज मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी वायु रक्षा बलों का दावा है कि इनमें से 29 को मार गिराया गया।इसके साथ ही रूस के दो बमवर्षक विमान और दो टोही ड्रोन को भी मार गिराने का दावा किया गया है।

## नेपालः सेक्युलर पार्टियों के भीतर हिंदू राष्ट्र के एजेंडे ने जोर पकड़ा

**काठमांडू।** नेपाल में सेक्युलर पार्टियों के भीतर हिंदू राष्ट्र का मुद्दा गहराता जा रहा है। उन पार्टियों में हिंदू राष्ट्र का मुद्दा उठाने वाले सामने आने लगे हैं। हिंदू राष्ट्र समर्थकों की गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। यह मुद्दा नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-यूमाओवादी केंद्र में भी प्रवेश कर चुका है, जिसने नेपाल में हिंदू राज्य को खत्म करने के बाद धर्मनिरपेक्ष संविधान लिखने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। माओवादी नेता राम कुमार शर्मा और इंदु शर्मा ने हिंदू राष्ट्र और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के मुद्दे पर जनमत संग्रह कराने की मांग की है। शर्मा ने 16 मई को माओवादी अध्यक्ष प्रचंड को सौंपे गए 18 सूत्री ज्ञापन में जनमत संग्रह का मुद्दा उठाया है। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीएन-यूएमएल के कुछ नेता हिंदू राष्ट्र के पक्ष में खुलने लगे हैं।

## 'दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत करने का अवसर', पीएम मोदी के आगामी यूएस दौरे पर बोलीं अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि दोनों देशों के बीच रिश्ते को और मजबूती मिलेगी। इस बीच, अमेरिका के विदेश विभाग की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पीएम मोदी के अमेरिका की यात्रा से दोनों नेताओं के पास दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करने का एक बड़ा अवसर है।

**22 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ करेंगे भोज**

गौरतलब है, राष्ट्रपति जो बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वहां, वह अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला जिल बाइडन के साथ 22 जून को राजकीय रात्रिभोज करेंगे।

**मेजबानी करने के लिए उत्साहित**

दक्षिण और मध्य एशिया की उप सहायक विदेश मंत्री नैन्सी इजो जैक्सन का कहना है कि वह पीएम मोदी की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं।



उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के पास भारत-अमेरिका के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करने का एक बड़ा अवसर है।

**नए क्षेत्रों पर चर्चा करने की उम्मीद**

नैन्सी ने कहा कि दोनों नेता इस मौके पर बढ़ते व्यापार, निवेश और रक्षा साझेदारी की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, ऐसे में उम्मीद है कि वे सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

जैक्सन ने कहा कि दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर बात होगी। चाहें वह दोनों देशों के लोगों के बीच साझा निवेश हो, शिक्षा का क्षेत्र हो या वीजा हर अहम मुद्दा बातचीत का हिस्सा होगा।

## पाकिस्तान में इमरान समर्थकों का दमन, सेना ने बना लिया है नाक का सवाल

**न्यूयॉर्क ।** अपने समर्थकों के जारी दमन के बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एलान किया है कि अगर अपनी पार्टी में अकेले भी बच गए, तभी वे मौजूदा सत्ता तंत्र के खिलाफ 'असली आजादी' की लड़ाई जारी रखेंगे। सेना समर्थिक कार्रवाई के कारण इमरान खान की पार्टी

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

अधिकारी फैसल नसीर ने रची। पिछले नौ मई को हुई गिरफ्तारी के बाद इमरान जब रिहा हुए, तब उन्होंने इन सारे घटनाक्रमों के लिए सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर को जिम्मेदार ठहराया।

विश्लेषकों के मुताबिक ताजा



घटनाओं का संकेत यह है कि सेना और खुफिया तंत्र ने इमरान खान के इर्द-गिर्द शिकंजा कस दिया है। नौ मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद जिस तरह सैन्य ठिकानों पर हमले हुए, उससे सेना की प्रतिष्ठा और रुतबे दोनों पर आंच आई है। अब सेना उसका बदला लेने के मूड में दिख रही है। विश्लेषक बाकिर सज्जाद ने लिखा है कि लोगों में सेना के खिलाफ असंतोष कोई नई बात नहीं है, लेकिन सियासत में बार-बार उसके खुले हस्तक्षेप के कारण अब लोगों की नाराजगी नए मुकाम पर पहुंच चुकी है। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा ने अपने रिटायरमेंट समारोह में दिए विदाई भाषण में स्वीकार किया था कि गुजरे सात दशकों में घरेलू राजनीति में बार-बार दखल देने के कारण सेना के प्रति आवाम में वैर भाव बढ़ा है।

सज्जाद ने लिखा है कि साल 2007 से आम लोग लगातार सेना से राजनीतिक दायरा छीनने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच सेना ने परदे के पीछे रहते हुए भी सत्ता पर नियंत्रण बनाए रखने का तरीका सीख लिया है। यही इस समय देश में बढ़ रहे टकराव का सबसे बड़ा कारण है। जानकारों के मुताबिक इमरान खान के लिए भारी जन समर्थन का सबसे बड़ा कारण उनकी यह छवि है कि पाकिस्तान के इतिहास में सेना के आगे ना झुकने वाले वे अकेले राजनेता रहे हैं। इसलिए सेना की प्राथमिकता भी उनको किसी तरह रोक देने की है।

शुक्रवार सुबह तक लाहौर में इमरान खान के निवास पर पुलिस का घेरा बना रहा था। पुलिस ने दावा किया है कि नौ मई की हिंसा में शामिल रहे 30 से 40 'आतंकवादी' वहां छिपे हुए हैं। पुलिस ने इमरान खान से कहा है कि वे उन्हें पुलिस को सौंप दें। जबकि गुरुवार रात एक ऑनलाइन प्रसारण में उन्होंने इस आरोप को 'बकवास' बताया और आरोप लगाया कि पुलिस का घेरा असल में उन्हें फिर से गिरफ्तार करने के लिए है।

## रूस को सबक सिखाने की तैयारी में ब्रिटेन, यूक्रेन का हमदर्द बन हीरों के आयात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला

**मास्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल से अधिक समय से हो गया है। युद्ध को रोकने के लिए कई देशों ने रूस पर कड़ी पाबंदियां भी लगाईं, लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। अब यूक्रेन का हमदर्द ब्रिटेन भी बन गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूक्रेन के समर्थन में रूस के हीरे सहित कई सामानों के आयात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है।

सुनक ने रूस की हीरे, तांबे, एल्यूमीनियम समेत कई धातुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है। इतना ही नहीं, ब्रिटेन के निशाने पर ऊर्जा, धातु और शिपिंग उद्योगों से जुड़े लोगों के अलावा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मिलिट्री इंडस्ट्रियल एरिया से अतिरिक्त



86 लोग और कंपनियां भी हैं।

**जी-7 भागीदारों के साथ काम करने की कोशिश**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का कहना है कि उनमें मौजूदा प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करने के लिए क्रेमलिन का समर्थन करने वाले लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन जी-7 भागीदारों के साथ सभी प्रकार के प्रतिबंधों से निपटने के लिए काम कर रहा है।

**ब्रिटेन ने यूक्रेन से किया था वादा**

गौरतलब है, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की सोमवार को रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए नए हथियार हासिल करने के लक्ष्य से यूरोपीय देशों के दौरे पर गए थे। इस कड़ी में जेलेंस्की ब्रिटेन पहुंचे थे। इस दौरान उनकी सुनक से मुलाकात हुई। ब्रिटेन ने यूक्रेन को लंबी दूरी के हमले वाले ड्रोन देने का वादा किया।

**जी-7 में ये देश शामिल**

बता दें कि जापान, अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और इटली के नेताओं ने आज यानी 19 मई को हिरोशिमा में अपने ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन की शुरुआत की। कहा जा रहा है कि जी-7 देश शिखर सम्मेलन में रूस पर कड़े प्रतिबंधों की घोषणा कर सकता है।

**अमेरिका भी करेगा मदद**

रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन की मदद के लिए ब्रिटेन के साथ ही अमेरिका ने भी हाथ बढ़ाने का निर्णय लिया है। जी-7 में रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाने के लिए अमेरिका तैयार है। उसके एक अधिकारी का कहना है कि वह पहले भी रूस पर कई कार्रवाई कर चुके हैं। अब अमेरिका रूस की लगभग 70 कंपनियों और संगठनों को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी कर रहा है।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने कहा, 9 मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले की निंदा करें इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबियों का उनसे दूरी बनाने का सिलसिला जारी है। अब इमरान के करीबी माने जाने वाले पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने कहा है कि इमरान खान को नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले की निंदा करनी चाहिए। पाकिस्तान के इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद बीते नौ मई को पाकिस्तान में हिंसा व उपद्रव की तमाम घटनाएं हुई थीं। गुस्साए लोग सरकारी इमारतों और सैन्य प्रतिष्ठानों तक में घुस गए थे। इन लोगों ने वहां तोड़-फोड़ करने के साथ आगजनी भी की थी। इसे लेकर पाकिस्तानी सेना का आक्रोश भी खुल कर सामने आ चुका है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कहा है कि 9 मई की घटना पाकिस्तान के इतिहास में काले दिन के रूप में याद की जाएगी। सेना प्रमुख ने कहा कि यह एक सुनियोजित और साजिश के तहत की गई कार्रवाई थी। भविष्य में किसी को भी इस तरह की हरकत करने की इजाजत किसी भी कीमत पर नहीं दी जाएगी। सेना के इस आक्रोश के बीच पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का भी बयान सेना के पक्ष में ही आया है। अल्वी ने कहा है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान व उनके करीबी सहयोगियों को सार्वजनिक तौर पर नौ मई की घटना की निंदा करनी चाहिए।